CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
RNI NO. RAJHIN/2023/89729

# दैनिक मरुधर विशेष



Marudharvishesh@gmail.com मो. 9653906665
अंक 02/119 | जयपुर | 18 मई /2025 | रविवार | मूल्य: रु 5 | पृष्ठ: 04

## कांग्रेस सांसद थरूर को मिली अमेरिका की कमान तो सत्तापक्ष और विपक्ष में बयानबाजी तेज, बोली भाजपा

# भारत की बात करने वाले लोगों से नफरत कर रही कांग्रेस प्रस्तावित नामों में पार्टी ने थरूर का नाम नहीं किया 'शामिल'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख का संदेश लेकर सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश जाएंगे। जिनमें से कुछ प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ़ दलों के नेता कर रहे हैं जबकि कुछ की अगुवाई विपक्षी दलों के नेता करेंगे। एक प्रतिनिधिमंडल की कमान कांग्रेस सांसद शशि थरूर को मिली है। जिस पर सियासी बवाल मचा हुआ है, क्योंकि कांग्रेस ने उनका नाम प्रस्तावित किया था। अब कांग्रेस और भाजपा एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। सरकार ने नेतृत्व करने के लिए जिन नेताओं का चयन किया है, उनमें सत्तारूढ़ दलों से भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, एनडीए में शामिल शिवसेना के श्रीकांत शिंदे और जनता दल (यूनाइटेड) के नेता संजय झा, विपक्षी दलों में कांग्रेस के शशि थरूर, द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) की कनिमोई, राकांपा-एसपी की सुप्रिया सुले शामिल हैं। शशि थरूर के नाम को लेकर अब सियासत हो रही है। दरअसल कांग्रेस ने जिन चार नामों का प्रस्ताव भेजा था, उनमें शशि थरूर का नाम नहीं था। केंद्र सरकार ने थरूर का नाम खुद से प्रस्तावित किया है।

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख का संदेश लेकर 7 सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश जाएंगे। इनमें से कुछ प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ़ दलों के नेता कर रहे हैं जबकि कुछ की अगुवाई विपक्षी दलों के नेता करेंगे। एक प्रतिनिधिमंडल की कमान कांग्रेस सांसद शशि थरूर को मिली है। जिस पर सियासी बवाल मचा हुआ है। वार-पलटवार जारी है।

### आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख का संदेश देगा 7 सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

**केंद्र ने खुद थरूर का नाम किया प्रस्तावित**

शिवसेना जनता दल, डीएमके और राकांपा को किया शामिल





### अपने ही सांसद का विरोध कर रही कांग्रेस: भंडारी



कांग्रेस की ओर से आई प्रतिक्रिया पर भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि तो जयराम अपने ही सांसद थरूर का संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए चुने जाने का विरोध कर रहे हैं। राहुल भारत के लिए बोलने वाले हर व्यक्ति से नफरत क्यों करते हैं, यहां तक कि अपनी पार्टी में भी?

### कांग्रेस को कोई फायदा नहीं होने वाला: तिवारी



कांग्रेस के बयान पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि इससे कांग्रेस को कोई फायदा नहीं होने वाला है। यह राजनीति का विषय नहीं है। यह केंद्र सरकार की महानता है कि वे हर पार्टी से कुछ सांसदों को (प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए) चुन रहे हैं।

### पार्टी के साथ विमर्श किए बिना सांसद को शामिल नहीं कर सकते: जयराम



कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने सरकार पार्टी से विचार विमर्श किए बिना उसके किसी सांसद को शामिल नहीं कर सकती। यह अच्छी लोकतांत्रिक परंपरा रही है कि आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने वाले सांसद अपनी पार्टी नेतृत्व से अनुमति लेते हैं। रमेश ने थरूर का नाम लिए बगैर कहा कि कांग्रेस में होने और कांग्रेस के होने में जमीन आसमान का फर्क है। सरकार ने इस मामले में ईमानदारी नहीं सिर्फ शरारत दिखाई है और वह ध्यान भटकाने का खेल खेल रही है क्योंकि उसका विमर्श 'पंक्चर' हो गया है।

### ओवैसी ने पाकिस्तानियों के लिए कही बड़ी बात

## तुम्हारे दिमागों में जो भूसा भरा है, वह साफ होगा और अज्ञानता भी कम होगी



एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने तुर्की पर निशाना साधा और उसके पाकिस्तान का समर्थन करने को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि तुर्की को अपने रुख पर एक बार फिर से सोचना चाहिए। इसके अलावा पाकिस्तान में अपनी चर्चाओं और सोशल मीडिया की ट्रोलिंग को लेकर भी ओवैसी ने दिलचस्प बयान दिया है। उन्होंने कहा मुझे देखने सुनने से उनके ज्ञान में इजाफा होगा। दरअसल, पाकिस्तान में अपनी चर्चाओं को लेकर उन्होंने कहा कि हम ही पाकिस्तान के निशाने पर हैं। उन्होंने कि पाकिस्तान वालों को भारत की ओर से उनकी तरह कोई हैंडसम और बेबाक आदमी दिख ही नहीं रहा है। ओवैसी ने पाकिस्तानियों को लेकर कहा कि देखते रहों दोस्तों, तुम्हारे दिमागों में जो भूसा भरा है, वह साफ होगा, तुम्हारे ज्ञान में इजाफा होगा और अज्ञानता भी कम हो जाएगी। **पाकिस्तान मानवता के लिए खतरा** : हैदराबाद से लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान को आतंकवाद का प्रायोजक बताते हुए उस पर कड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपने लंबे इतिहास से यह सिद्ध कर चुका है कि वह मानवता के लिए खतरा बन गया है। ओवैसी ने शनिवार को एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि भारत को अब अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने यह साफ करना होगा कि वह दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का शिकार रहा है। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मुहम्मद जिया-उल-हक के समय से लेकर कंधार विमान अपहरण, 26/11 मुंबई हमले, संसद पर हमला, उरी, पठानकोट, रियासी और हाल ही में पहलगाम में पर्यटकों की हत्या तक, पाकिस्तान की भूमिका साफ दिखाई देती है।

### हिमंता ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर कहा

## कांग्रेस की टीम से 'असम के सांसद' को हटाएं



गुवाहाटी। असम के सीएम हिमंत विश्व सरमा ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से आग्रह किया कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का रुख स्पष्ट करने के लिए विदेश भेजे जाने वाले प्रतिनिधिमंडलों के लिए कांग्रेस द्वारा नामित चार सांसदों की सूची से राज्य के सांसद का नाम हटा दिया जाए। इनमें में से एक लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई का नाम लिए बिना मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में उनका नाम शामिल नहीं करें। सरमा ने गोगोई पर उनकी ब्रिटिश पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न की बात कही।

### सीसीपी नेताओं से मुलाकात

## राहुल किसकी तरफ, साफ करें: अमित



राहुल गांधी ने हाल ही में कॉर्डिनेशन कमेटी फॉर पीस (सीसीपी) के सदस्यों से मुलाकात की। भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक पोस्ट में राहुल के सीसीपी नेताओं से मुलाकात पर शंका जाहिर की। उन्होंने लिखा कि 'ऐसे समय में जब भारत नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहा है, ऐसे में राहुल का माओवादी समूह के शुभचिंतकों से मिलना क्या बयां करता है? उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए। सुरक्षाबल नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन कगार चला रहे हैं, जिसमें सीपीआई (माओवादी) कैडर को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। ऐसे में कथित शांति समन्वय समिति (कॉर्डिनेशन कमेटी फॉर पीस) द्वारा कांग्रेस के समर्थन से सुरक्षाबलों और माओवादी उग्रवादियों के बीच संघर्ष विराम की कोशिश की जा रही है।

### राहुल ने सरकार से पूछा

## वायुसेना ने कितने एयरक्राफ्ट खोए?



ऑपरेशन सिंदूर को लेकर राहुल गांधी ने सरकार से सवाल करते हुए पूछा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कितने एयरक्राफ्ट खोए। उन्होंने विदेश मंत्री के बयान के आधार पर सरकार को घेरा और पूछा कि हमले से पहले सरकार ने पाकिस्तान को क्यों सूचना दी? इसके कारण हमें कितने लड़ाकू जहाज का नुकसान हुआ?

### ओवैसी बोले- तुर्किये अपना रुख बदले

## भारत में पाक से ज्यादा मुस्लिम, तुर्किये न बताए

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने तुर्की की ओर से पाकिस्तान का समर्थन करने पर कहा कि तुर्की को फिर से विचार करना चाहिए। हमें तुर्की को याद दिलाना होगा कि वहां एक बैंक है जिसका नाम इसबैंक है, जिसके शुरुआती जमाकर्ता भारत के लोग थे। हमें तुर्की को लगातार याद दिलाना चाहिए कि भारत में 20 करोड़ से अधिक सम्मानित मुस्लिम रहते हैं। भारत में पाकिस्तान की तुलना में अधिक मुस्लिम हैं। जिस तरह से पाकिस्तान ने अब तक बर्ताव किया है, उनका इस्लाम से कोई लेना-देना नहीं है।

## खबर संक्षेप

### कटक में बिस्कुट बनाने वाली फैक्टरी में आग



**कटक।** ओडिशा में कटक जिले के जगतपुर औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार को बिस्कुट बनाने वाली एक फैक्टरी में आग लग गई। सहायक अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार बेहरा ने बताया कि हालांकि आग में बिस्कुट बनाने वाली फैक्टरी का अधिकांश हिस्सा जलकर खाक हो गया, लेकिन इस हादसे में किसी की जान नहीं गई।

### कार-ट्रक से टकराने से 3 लोगों की मौत



**काकीनाडा।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में शुक्रवार देर रात एक कार के ट्रक से टकरा जाने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा तुनी में राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर देर रात दो बजे हुआ।कार में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य की इलाज के दौरान मौत हो गई। कार में 5 विपणन प्रतिनिधि सवार थे।

### किशोर की हत्या में 4 को आजीवन कारावास



**कोटा।** कोटा की एक अदालत ने 2018 में 16 वर्षीय लड़के का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या के मामले में दो भाइयों समेत 4लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायालय ने प्रत्येक पर 13,500 का जुर्माना भी लगाया। सहायक लोक अभियोजक बलराम मीणा ने कहा यह प्रेम प्रसंग से जुड़ा मामला था।

### पालघर में 5.6 करोड़ की मेफेड्रोन जब्त



**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने नाइजीरिया की एक महिला के पास से 5.6 करोड़ रमूल्य की मेफेड्रोन बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस को महिला के नालासोपारा स्थित आवास से मादक पदार्थ के साथ-साथ उसे बनाने के उपकरण और कच्चा माल भी मिला है।

### स्पीकर बिरला कोटा में 'राष्ट्रीय सुरक्षा हेतु नागरिक कार्यक्रम' में बोले

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को बताया नारीशक्ति और शौर्य का सम्मान, उमड़ पड़ा जनसैलाब

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के शौर्य को सम्मान देने के लिए कोटा में शुक्रवार को एक ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई। रैली को देश के गौरव और आत्मसम्मान का प्रतीक बताया

### भारत माता और शहीद जवानों को पुष्पांजलि दी, तिरंगा लहराकर रैली शुरू की

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के शौर्य को सम्मान देने के लिए कोटा में शुक्रवार को एक ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा की शुरुआत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रामपुरा स्थित ऐतिहासिक पीपल पेड़ के पास भारत माता और शहीद जवानों को पुष्प अर्पित कर और तिरंगा लहराकर की। यह आयोजन राष्ट्रीय सुरक्षा हेतु नागरिक कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। इस रैली में जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाएं, युवा, महिलाएं और आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर बिरला ने कहा कि यह सिर्फ एक रैली नहीं, बल्कि देश के गौरव, बलिदान और आत्मसम्मान का प्रतीक है।जब-जब तिरंगा लहराता है, तब-तब हमारी आत्मा और बलिदान की परंपरा भी लहराती है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं, बल्कि भारत की नारीशक्ति की रक्षा और सम्मान बताया। बिरला ने पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा किअब भारत की बेटियों की ओर उठी हर नजर का जवाब सीमा पार से मिलेगा। भारत शांति का पक्षधर , लेकिन जब मातृभूमि पर खतरा आता है, तो भारत सुदर्शन भी उठा सकता है।

**ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली**



### हर नागरिक कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करे

उन्होंने लोगों से अपील की कि हर नागरिक अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करे, यही सच्ची श्रद्धांजलि है उन वीरों के लिए जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों में अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया।

### आतंकवाद का संरक्षण देने वालों को सबक सिखाएंगे

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने सफलापूर्वक आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई में भी भारतीय सेना ने शौर्य दिखाते हुए उनके इरादों को नाकाम किया। इस दौरान बिरला ने कहा कि आतंकवाद को संरक्षण देने वाले देश को भारत सबक सिखाता रहेगा। बिरला ने कहा कि भारतीय सेना व सैनिकों के शौर्य को पूरा देश नमन कर रहा है। भारतीय सेना ने जिस वीरता और कुशल रणनीति के साथ आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया है। आने वाले समय में देश और विश्व में आतंकवाद खत्म हो, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी नीति बनाई है। संपूर्ण विश्व को आतंकवाद के खिलाफ सामूहिकता के साथ प्रयास करना चाहिए।

### 70 फीट लंबे तिरंगे को रवाना किया

यह रैली रामपुरा में पीपली चौक से शुरू होकर लाडपुरा व नयापुरा होते हुए शहीद स्मारक पहुंची। जहां पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने 70 फीट लंबे तिरंगे को रैली के साथ रवाना किया। जगह-जगह पर रैली के लिए स्वागत द्वार लगाए गए और डीजे बजाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक संदीप शर्मा और कल्पना देवी भी मौजूद रहे। जिन्होंने तिरंगा रैली शुरू होने के पहले आमजन को संबोधित किया।

### सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया

शहर को दुर्घटना मुक्त बनाने की दिशा में बिरला ने अपने 5 दिन के प्रवास के दौरान कोटा और बूंदी के विभिन्न इलाकों में सड़क सुरक्षा की स्थिति का निरीक्षण किया। प्रमुख चौराहों और सड़कों पर जाकर सुरक्षा मानकों का जायजा लिया और अधिकारियों को सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।

**ये निर्देश जारी किए**

- जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान करें
- अपने कैंप कार्यालय में नागरिकों के साथ जनसुनवाई की।
- लोगों ने सड़क दुर्घटनाओं, ट्रैफिक जाम की समस्याएं रखीं।
- ब्लैक स्पॉट्स की पहचान और सुधार करें।
- स्पीड ब्रेकर और संकेतक लगाएं
- सीसीटीवी कैमरे और निगरानी की जाए
- अत्याधुनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम दुरुस्त करें।
- पब्लिक अवेयरनेस कैंपेन चलाया जाए।

### शिवराज ने असम के लिए 3.76 लाख घरों के लिए मंजूरी दी

# गुवाहाटी में 55000 पीएमएवाई-जी घर वर्चुअल गृह प्रवेश के जरिये सौंपे

## पीएमएवाई-जी की महिला राजमिस्त्री पहल के तहत 'लखिमी मिस्त्री' शुरू की

▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को गुवाहाटी में प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत 55,000 घरों के वर्चुअल गृहप्रवेश समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री चौहान ने चालू वित्त वर्ष के लिए पीएमएवाई-जी के तहत 3.76 लाख और घरों को स्वीकृत करने की घोषणा की।

जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने ग्रामीण बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और हाशिए पर पड़े व वंचित समुदायों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री ने पीएमएवाई-जी के तहत 20 लाख घरों को पूरा करने की असम की उल्लेखनीय उपलब्धि की सराहना की। कार्यक्रम के एक अंग के तौर पर पीएमएवाई-जी के उन लाभार्थियों को मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया जिन्होंने सफलतापूर्वक अपने नए घरों का निर्माण कर उनमें प्रवेश कर चुके हैं।



ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए चौहान ने पीएमएवाई-जी के तहत एक महिला राजमिस्त्री पहल लखिमी मिस्त्री की भी शुरुआत की, जिसका उद्देश्य महिलाओं को रोजगार के अवसरों को बढ़ाने आवश्यक राजमिस्त्री कौशल से लैस करना है। लखिमी मिस्त्री पहल के तहत प्रशिक्षित होने वाली पांच महिलाओं को सुरक्षा किट वितरित किए गए। इस अवसर पर चौहान ने ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) के तहत असम भर में 21 ज्ञान केंद्रों का वर्चुअल उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया और कृषि और ग्रामीण आजीविका में सतत विकास के माध्यम से किसानों, महिलाओं और ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने के लिए असम की प्रतिबद्धता को दोहराया।

### हरियाणा राज्यपाल ने 'जनता की कहानी मेरी आत्मकथा' पुस्तक राष्ट्रपति को भेंट की

## बंडारू दत्तात्रेय ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात

▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने शुक्रवार शाम को राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दत्तात्रेय ने राष्ट्रपति को अपनी हाल ही में लॉन्च की गई पुस्तक ' जनता की कहानी मेरी आत्मकथा'की प्रति भेंट की।

राज्यपाल ने कहा कि यह बहुत खुशी और सम्मान का क्षण था क्योंकि माननीय राष्ट्रपति ने पुस्तक के कुछ पन्नों को विनम्रतापूर्वक पढ़ा और आत्मकथा में शामिल विषयों पर अपने बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की, जो मेरे सार्वजनिक जीवन और राष्ट्र के प्रति सेवा का वर्णन करती है। राष्ट्रपति ने हरियाणा में चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली, जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन में विशेष रुचि थी। राज्यपाल दत्तात्रेय ने उन्हें राज्य में स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल और महिला सशक्तिकरण सहित प्रमुख क्षेत्रों में किए जा रहे विकास के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने राष्ट्रपति को हरियाणा में अनुसूचित जातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण नीतियों के प्रभावी कार्यान्वयन के बारे में भी अवगत कराया।

राष्ट्रपति ने हरियाणा में लड़कियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों, विशेष रूप से खेल क्षेत्र के बारे में, जानकर प्रसन्नता व्यक्त की और राज्य की प्रगति में उनके बढ़ते योगदान की सराहना की। राष्ट्रपति ने राज्यपाल दत्तात्रेय की सार्वजनिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने और लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने में राज्य द्वारा अपनाए गए बहुआयामी दृष्टिकोण की सराहना की।

### अमित शाह ने सैन्य कार्रवाई को सराहा

## 100 किमी घुसकर आतंकियों को मारा, किसी भी धमकी से नहीं डरे

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गांधीनगर में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की सैन्य कार्रवाई को लेकर बड़ा बयान दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने भारतीय सैन्य बलों की सराहना की। साथ ही पाकिस्तान को करारा जवाब देने का संकल्प दोहराया। शाह ने कहा कि आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि हमारी सेना ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर घुसकर आतंकी कैंपों को नष्ट किया। पाकिस्तान ने हमें परमाणु बम की धमकी दी। उन्हें लगता था कि हम डर जाएंगे। लेकिन हमारी सेना, नौसेना और वायुसेना ने उन्हें ऐसा करारा जवाब दिया है कि पाकिस्तान के होश उड़ गए। आज पूरी दुनिया हमारी सेना के धैर्य और पीएम मोदी के दृढ़ नेतृत्व की प्रशंसा कर रही है। मैं हमारे सशस्त्र बलों की वीरता को सलाम करता हूं।

### पाक की हवाई क्षमता को नेस्तनाबूद किया

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि जब पाकिस्तान ने पूरी पश्चिमी सीमा पर हमला करने का दुस्साहस किया, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारी वायु रक्षा प्रणाली इतनी उत्तम हो गई है कि कोई भी मिसाइल या ड्रोन भारत की भूमि तक नहीं पहुंच पाया। 100 से अधिक आतंकवादियों को मारने के बाद भी पाकिस्तान सोच में ही था और हमने उनके 15 हवाई ठिकानों पर हमला कर दिया, लेकिन हमने उनके लोगों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। हमने उनकी हवाई हमले की क्षमता को नष्ट कर दिया।

### आतंकियों को दोगुनी ताकत से जवाब देंगे

गृह मंत्री शाह ने कहा कि हमारी सेना ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर घुसकर आतंकियों को करारा जवाब दिया। जो लोग कई अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी गतिविधियों की योजना बना रहे थे। वे सियालकोट और अन्य आतंकवादी शिविरों में छिपे हुए थे, उन सबको हमारे बम के धमाकों की गूंज ने एक स्पष्ट संदेश भेजा है कि अगर भारत के लोगों के साथ कोई आतंकवादी गतिविधि होती है, तो जवाब दोगुनी ताकत से दिया जाएगा।

**हर देश के लिए उसकी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में राष्ट्रहित सर्वोपरि होता है। जब कोई भी देश सैन्य तौर पर संघर्षरत होता है, तभी उसकी विदेश नीति की और उसके दोस्त देशों की वास्तविक कसौटी पर परख होती है। सैन्य युद्ध का विकराल और विकट दौर ही वस्तुतः इस तथ्य को सुनिश्चित कर देता है कि कौन सा देश किसके साथ खड़ा है। पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान आठ मई को उसने बड़ी तादाद में ड्रोन विमानों से भारत पर हमला किया, जो तुर्किये में निर्मित सोनगार ड्रोन थे। उसने भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर के विरुद्ध पाकिस्तान को गोला-बारुद, समुद्री जहाज, ड्रोन और हरक्यूलिस विमान उपलब्ध कराकर रेखांकित कर दिया है कि वह दुनिया का सबसे अहसान फरामोश और कृतघ्न देश है। उसके लिए दोस्ती बेमानी है। तुर्किये वस्तुतः पश्चिम एशिया का अकेला मुल्क रहा जो कि पाकिस्तान के साथ खुलकर खड़ा हुआ। हालांकि वह भूल गया कि मुसीबत के समय में ऑपरेशन दोस्त के तहत भारत द्वारा विमानों के जरिए तुर्किये को राहत सामग्री बड़े पैमाने पर भेजी गई थी। तब तुर्किये के तत्कालीन राजदूत फिरात सुनेल ने फरमाया था कि 'ऑपरेशन दोस्त' भारत और तुर्किये के मध्य गहन और संजीदा दोस्ती का इजहार करता है और सच्चे दोस्त हमेशा एक दूसरे की इमदाद किया करते हैं। आजकल के ताजा अंक में पेश है विश्लेषण...**

# कूटनीति में राष्ट्रहित सर्वोपरि



**विश्लेषण**

प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**ऐसा पहली दफा घटित नहीं हुआ है कि जब तुर्किये हुकूमत भारत बनाम पाकिस्तान के मध्य किसी मसले पर पाकिस्तान के साथ खुलकर खड़ी हुई है। संयुक्त राष्ट्र सरीखे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अनेक दफा पाकिस्तान को तुर्किये की हुकूमत स्पष्ट समर्थन प्रदान कर चुकी है। विगत बीस वर्षों से भारत से दोस्ती का दम भरता हुआ और पाक परस्त मुजाहिदों के हाथों भयंकर जिहादी जख्म खाया हुआ अमेरिका, सैन्य संघर्ष के दौर में भारत और पाक को एक पलड़े में तोलता नजर आया। तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन द्वारा तुर्किये को पाकिस्तान का सगा भाई करार दिया गया। भारत ने राहत और बचाव कार्य के लिए तुर्किये और सिरिया में 'ऑपरेशन दोस्त' चलाया था।**

एक देखा परखा सिद्धांत है कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में राष्ट्रहित सर्वोपरि होता है। जब कोई भी देश सैन्य तौर पर संघर्षरत होता है, तभी उसकी विदेश नीति की और उसके दोस्त देशों की वास्तविक कसौटी पर देख परख हो जाती है। सारे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। इस महान उक्ति में निहित है, आत्ममुग्धता जोकि तल्ख वास्तविकता से कहीं दूर एक गलतफहमी है। सैन्य युद्ध के विकराल और विकट दौर ही वस्तुतः इस तथ्य को सुनिश्चित कर देता है कि कौन सा देश किसके साथ खड़ा है। भारत और पाकिस्तान के मध्य जब सैन्य संघर्ष जारी था, उस वक्त तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन 'पाकिस्तान तुर्किये दोस्ती जिंदाबाद' का नारा बुलंद कर रहे थे। तुर्किये की हुकूमत खुलकर पाकिस्तान की हिमायत कर रही थी और पाकिस्तान को आधुनिकतम हथियार उपलब्ध करा रही थी। ऐसा पहली दफा घटित नहीं हुआ है कि जब तुर्किये हुकूमत भारत बनाम पाकिस्तान के मध्य किसी मसले पर पाकिस्तान के साथ खुलकर खड़ी हुई है। संयुक्त राष्ट्र सरीखे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अनेक दफा पाकिस्तान को तुर्किये की हुकूमत स्पष्ट समर्थन प्रदान कर चुकी है। विगत बीस वर्षों से भारत से दोस्ती का दम भरता हुआ और पाक परस्त मुजाहिदों के हाथों भयंकर जिहादी जख्म खाया हुआ अमेरिका, सैन्य संघर्ष के दौर में भारत और पाक को एक पलड़े में तोलता नजर आया।

## तुर्किये पाकिस्तान का सगा भाई

तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन द्वारा तुर्किये को पाकिस्तान का सगा भाई करार दिया गया। पहलगाम के बर्बर और नृशंस हमले को लेकर तुर्किये के राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के प्रस्ताव को भी अपनी हिमायत प्रदान की थी, जिस प्रस्ताव के तहत पेशकश की गई थी कि पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच करा ली जाए। पहलगाम हमले के कुछ वक्त बाद ही ड्रोन हथियारों से भरा हुआ है एक टर्किश एयर फोर्स का सी-130 फाइटर जेट पाकिस्तान में लैंड हुआ था। सैन्य संघर्ष शुरू होने से पहले हथियारों से लबरेज तुर्किये का एक युद्ध पोत भी कराची बंदरगाह पर पहुंचा। सैन्य संघर्ष के दौरान भारत ने दावा पेश किया कि आठ मई को पाकिस्तान ने बड़ी तादाद में ड्रोन विमानों से भारत पर हमला किया, जो तुर्किये में निर्मित सोनगार ड्रोन थे, हालांकि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने ड्रोन आक्रमणों के ज्वलंत तथ्यों से स्पष्ट इंकार किया। सोनगार ड्रोन अर्थात मानव रहित हवाई वाहन हैं, जिन्हें तुर्किये की डिफेंस फर्म और आसिस गार्ड ने डिजाइन किया और विकसित किया है। तुर्किये वस्तुतः पश्चिम एशिया का अकेला मुल्क रहा जो कि पाकिस्तान के साथ खुलकर खड़ा हुआ। गल्फ के दूसरे अरब मुल्कों ने पाकिस्तान के प्रति अपनी हिमायत व्यक्त करने से सख्त परहेज किया किया।



उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 के फरवरी महीने में जब तुर्किये और सीरिया में विनाशकारी भूकंप प्रकट हुआ था और उस वक्त हजारों लोगों की मौतें हुई और लाखों लोग बेघर हो गए।

## भारत ने की थी तुर्किये की मदद

हुकूमत ए हिंदुस्तान ने राहत और बचाव कार्य के लिए तुर्किये और सिरिया में 'ऑपरेशन दोस्त' का आगाज किया था। ऑपरेशन दोस्त के तहत भारत द्वारा विमानों के जरिए तुर्किये को राहत सामग्री बड़े पैमाने पर भेजी गई। तब तुर्किये के तत्कालीन राजदूत फिरात सुनेल ने फरमाया था कि 'ऑपरेशन दोस्त' भारत और तुर्किये के मध्य गहन और संजीदा दोस्ती का इजहार करता है और सच्चे दोस्त हमेशा एक दूसरे की इमदाद किया करते हैं। भारत द्वारा तुर्किये को उपलब्ध कराया गया इमदादी सामान वस्तुतः मानवीय मदद थी और इससे उम्मीद की जा रही थी कि ऑपरेशन दोस्त से दोनों देशों के परस्पर संबंध बेहतर हो जाएंगे। कूटनीतिक विडंबना देखिए कि तुर्किये द्वारा भारत को दोस्त करार दिया जाता है और पाकिस्तान को सगा भाई। परंपरागत तौर पर सऊदी अरब और यूएई पाकिस्तान के अत्यंत करीबी मुल्क रहे हैं, किंतु आजकल भारत के ताल्लुक़ात सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के साथ बहुत मजबूत बन गए हैं। एक यक्ष प्रश्न है कि आखिरकार तुर्किये के साथ भारत के ताल्लुक़ात दोस्ताना क्यों नहीं बन पाए? तुर्किये और भारत के मध्य कूटनीतिक संबंधों की शुरुआत सन् 1948 में हो गई थी, लेकिन अनेक दशक व्यतीत हो जाने के पश्चात भी दोनों मुल्क करीबी दोस्त नहीं बन पाए। तुर्किये और भारत के मध्य कूटनीतिक के तनाव कायम बने रहने के मुख्य तौर पर दो स्पष्ट कारण रहे हैं।

## तनाव के पीछे मुख्य दो कारण

पहला कारण कश्मीर के जटिल विवाद पर तुर्किये का पाकिस्तान की तरफ सदैव से ही झुकाव बने रहना और दूसरा कारण रहा कि शीत युद्ध के दौर में तुर्किये का अमेरिकन सैन्य गुट नाटो में शामिल हो जाना। जबकि शीत युद्ध के दौर में भारत गुटनिरपेक्ष आंदोलन का नेतृत्व कर रहा था। शीत युद्ध में अमेरिका और सोवियत संघ के मध्य सन् 1947 से लेकर सन् 1991 तक एक दीर्घकालीन राजनीतिक और सैन्य दुश्मनी कायम बनी रही थी। जब शीत युद्ध का दौर समापन की ओर था तो उस दौर ए वक्त में तुर्किये के उदार राष्ट्रपति करार दिए जाने वाले तुरगुत ओजाल ने भारत के साथ कूटनीतिक ताल्लुक़ात को निकट बनाने की कोशिश भी अंजाम दी थी। सन् 1986 में तुरगुत ओजाल ने भारत का राजकीय दौरा किया। 1988 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भी तुर्किये का शासकीय दौरा किया। राजीव गांधी के दौरे के पश्चात दोनों मुल्कों के कूटनीतिक रिश्तों में अनेक पहलुओं पर सुधार आया। सन् 2014 में नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री पद पर आसीन हुए और सन् 2014 में आर्दोआन तुर्किये के प्रधानमंत्री पद से तुर्किये के राष्ट्रपति पद पर विराजमान हुए। सन् 2017 में राष्ट्रपति आर्दोआन भारत में राजकीय दौरे पर पधारे, किंतु प्रायः विदेशी दौरा करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तुर्किये के आधिकारिक दौरे पर कभी नहीं जा सके। सन् 2019 में नरेंद्र मोदी को तुर्किये के शासकीय दौरे पर जाना निश्चित था, किंतु संयुक्त राष्ट्र महासभा में राष्ट्रपति आर्दोआन द्वारा कश्मीर पर दिए गए बयान के बाद, जिसमें उन्होंने कश्मीर में धारा 370 को निरस्त किए जाने का बाकायदा विरोध किया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तुर्किये दौरा अनिश्चित कॉल के लिए स्थगित कर दिया गया। हुकूमत ए तुर्किये द्वारा पाकिस्तान का अंध समर्थन किए जाने के कारणवश भारत और तुर्किये के मध्य तल्ख हो चुके कूटनीतिक ताल्लुक़ात में फिलहाल सुधार आने की कोई उम्मीद दिखाई नहीं देती। भारत द्वारा कश्मीर के जटिल विवाद पर किसी अन्य राष्ट्र की मध्यस्थता को कदाचित स्वीकार नहीं किया गया है लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उनके द्वारा पाकिस्तान और भारत के मध्य युद्ध विराम कराया गया है।

## युद्ध विराम मुद्दे पर ट्रंप की भूमिका संदिग्ध

पाकिस्तान ने भी युद्ध विराम कराने में अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की भूमिका को बाकायदा स्वीकार किया है। हालांकि भारत सरकार ने अपनी प्रतिक्रिया में युद्ध विराम को द्विपक्षीय करार दिया है और युद्ध विराम में अमेरिकन राष्ट्रपति ट्रंप के नाम का उल्लेख तक नहीं किया है। अपनी सऊदी अरब की यात्रा के दौरान प्रेसिडेंट ट्रंप ने तकरीर में फरमाया कि भारत और पाकिस्तान के मध्य युद्ध विराम अंजाम दिलाने के लिए मैंने काफी हद तक व्यापार (ट्रेड) का बखूबी इस्तेमाल किया। प्रेसिडेंट ने दावा पेश किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान पर यह कहते हुए सीज फायर अंजाम देने के लिए जबरदस्त दबाव डाला था कि अगर दोनों मुल्कों द्वारा सीज फायर नहीं अंजाम दिया गया तो वह दोनों के साथ अमेरिका के ट्रेड को खत्म कर देंगे। भारतीय विदेश विभाग के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने फरमाया कि 7 मई से 10 मई के मध्य भारत और अमेरिका के शीर्ष लीडर्स के मध्य बातचीत हुई थी, लेकिन ट्रेड को लेकर कोई भी बातचीत नहीं की गई थी। अब सीज फायर के यक्ष प्रश्न पर किसके दावे को सत्य करार दिया जाए? विश्व भर में निरंतर जारी सैन्य संघर्षों को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख का ठीक-ठाक अंदाजा लगाना बेहद मुश्किल रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध से लेकर भारत-पाकिस्तान के मध्य सैन्य संघर्ष तक राष्ट्रपति ट्रंप वक्त बेवक्त अपने बयान परिवर्तित करते रहते हैं। इतना ही नहीं, वह डेनमार्क से ग्रीनलैंड खरीदने का दावा पेश करते हैं। पनामा नहर पर जबरन आधिपत्य स्थापित करने की बात करते हैं। कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने का दावा पेश करते हैं। साथ ही गाजा पट्टी पर भी आधिपत्य स्थापित करने का दावा करते हैं। इस तरह अनेक विवादित बयान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप निरंतर दुनिया की सरगर्म फिजाओं में फेंकते रहते हैं। भारत और पाकिस्तान के मध्य जारी सैन्य संघर्ष में युद्ध विराम कराने का राष्ट्रपति ट्रंप का दावा कितना सत्य है और कितना असत्य है?

इस तथ्य की सच्चाई को तो वक्त ही बताएगा? ऑपरेशन सिंदूर के ठीक एक दिन बाद अर्थात 8 मई को अमेरिका के वाइस प्रेसिडेंट जेडी वेंस ने फॉक्स न्यूज को एक इंटरव्यू दिया। इसमें उन्होंने फरमाया कि भारत और पाकिस्तान के मध्य जारी सैन्य तनाव के प्रश्न पर अमेरिका दूरी बनाए रखेगा और सिर्फ कूटनीतिक रास्ते ही अख्तियार करेगा। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने सोशल मीडिया पर अपनी एक पोस्ट में लिखा कि भारत और पाकिस्तान आखिरकार युद्ध विराम करने पर और व्यापक मुद्दों पर बातचीत के लिए राजी हो गए हैं। अमेरिकन वाइस प्रेसिडेंट जेडी वेंस और मैंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पाकिस्तान फौज के कमांडर इन चीफ असीम मुनीर और भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ बातचीत की है। आखिरकार दोनों मुल्क तत्काल युद्ध विराम करने और व्यापक मुद्दों पर बातचीत के लिए राजी हो गए हैं। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपनी सोशल पोस्ट में कहीं भी अमेरिका के नाम का उल्लेख तक नहीं किया है कि अमेरिका द्वारा युद्ध विराम अंजाम देने के लिए दोनों देशों के मध्य मध्यस्थता की गई है। एक बात स्पष्ट तौर पर कही जा सकती है कि भारत को पाक अधिकृत कश्मीर को मुक्त करने का इतना शानदार अवसर पहले कभी उपलब्ध नहीं हुआ। तुर्किये को छोड़कर कोई भी अन्य देश पाकिस्तान के साथ खड़ा नहीं हुआ। यहां तक कि चीन भी पाकिस्तान के पक्ष में खुलकर खड़ा नहीं हुआ। क्योंकि चीन अमेरिका के विरुद्ध निरंतर जारी ट्रेड वॉर में भारत को कदाचित नहीं खोना चाहता। दुर्भाग्यवश भारत के निकट दोस्त समझे जाने वाले अमेरिका ने पाकिस्तान को और हिंदुस्तान को एक ही तराजू में तोला। दुनिया के तमाम देश तुर्किये को छोड़कर पाकिस्तान द्वारा प्रेरित और परिपोषित जिहादी आतंकवाद से अत्यंत त्रस्त हो चुके हैं।

# नगर पालिक निगम चिरमिरी कार्यालय में अधिकारियों का सालों से कब्जा

## निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिली भगत से हो रहा भ्रष्टाचार

**मरुधर विशेष**

**, करन सोनी एमसीबी।** आपको बता दें कि एमसीबी जिले के एकमात्र नगर पालिक निगम चिरमिरी में सूत्रों के अनुसार कई सालों से ना तो अधिकारियों के और ना ही कर्मचारियों के तबादले हुए है। जिस कारण भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है इससे कर्मचारियों और अधिकारियों का मनोबल बढ़ा चुका है। वह सालों से एक ही स्थान पर जमें हुये हैं । आपको बता दे कि निगम के बाबू इंजीनियरऔर साइड कीपर ठेकेदारों के ऊपर पूरी तरह नतमस्तक हो चुके हैं उनके साथ आपसी सवन्मय बैठा कर निगम करोड़ों का चूना लगा रहे हैं या ये कहना गलत नहीं होगा कि अपना बैंक बैलेंस बढ़ा रहे है। अधिकारी कमीशन के खेल में इतने अंधे हो चुके है कि उन्हें ठेकेदारों के काम में न तो कोई कमी नजर आती है न ही उनके द्वारा जो मैटेरियल गिराया जाता है उसमें कोई खराबी। समझने की बात है कि जिस रेत का उपयोग ठेकेदार कर रहा है उसमें मिट्टी मिक्स रहेगा तो उस कार्य की गुणवत्ता क्या होगी ।

**ऐसे ही कई कारनामे इनके द्वारा किए जा रहे है ।**

इनको तो केवल कमीशन से मतलब जाने कब होगा




नगर पालिक निगम में बदलाव चिरमिरी की जनता आस में बैठी। हर 5 साल में नगर पालिक निगम चिरमिरी की राजनीतिक सत्ता बदलती रहती है नहीं बदलते तो अधिकारी। आखिर क्या कारण है की अधिकारी यही के यहीं टिके रहते हैं । क्या इनकी पहुंच रायपुर उच्च अधिकारियों तक है जिससे इनका तबादला कहीं और नहीं हो पाता। नगर पालिक निगम चिरमिरी में ही पदस्थ होते हैं और लगातार पदोन्नति लेते हुए यही से रिटायरमेंट ले लेते हैं। आखिर ऐसा



क्या रखा है नगर पालिक निगम चिरमिरी में जहां एक बार अधिकारी आ जाएं तो उनका तबादला होता ही नहीं और अगर हुआ भी तो दे ले कर रुकवा लिया जाता है ।यहां किसी का तबादला होता है तो वह नगर पालिक निगम चिरमिरी आयुक्त का हुआ। आखिरकार क्या ऐसा रखा है नगर पालिक निगम चिरमिरी में जो दूसरे जिले से आकर यहां के रहवासी हो जाते हैं और नगर पालिक निगम चिरमिरी से ही रिटायरमेंट लेना चाहते हैं आखिरकार ऐसा कौन सा सोर्स आफ इनकम नगर पालिक निगम चिरमिरी में बना हुआ है जिससे अधिकारी और कर्मचारी दूसरी जगह जाने को तैयार नहीं होते है! आखिरकार देखने की होगा इस संदर्भ में सुशासन सरकार कब ध्यान देती है?

# बार-बार गर्भपात का संकेत हो सकती है रक्त की यह बीमारी, सावधानी और समय पर इलाज है समाधान

## एंटी फॉस्फॉलिपिड सिंड्रोम से बढ़ जाता है थ्रोम्बोसिस का खतरा, गर्भावस्था पर पड़ सकता है गंभीर असर

**मरुधर विशेष**

**जयपुर।** मां बनने की अनुभूति हर महिला के जीवन की सबसे सुंदर संवेदनाओं में से एक होती है, लेकिन कई बार बार-बार गर्भपात या गर्भ में शिशु की मृत्यु जैसी घटनाएं इस सुख को पाने से रोक देती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, इन समस्याओं के पीछे एक गंभीर लेकिन कम पहचाना गया कारण एंटी फॉस्फॉलिपिड सिंड्रोम हो सकता है, जो एक ऑटोइम्यून विकार है। इस स्थिति में शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली अपने ही स्वस्थ अंगों और कोशिकाओं पर हमला करने लगती है, जिससे खून में थक्के जमने लगते हैं। यह थक्के गर्भस्थ शिशु तक रक्त प्रवाह को बाधित करते हैं, जिससे गर्भपात या भ्रूण की मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है।

### गर्भवती महिलाओं के लिए बढ़ा खतरा -

भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल के वरिष्ठ हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. उपेंद्र शर्मा बताते हैं कि इस बीमारी में नसों और धमनियों में थ्रोम्बोसिस यानी खून के थक्के बनने लगते हैं। यदि यह थक्के हृदय, मस्तिष्क या फेफड़ों तक पहुंच जाएं तो यह स्ट्रोक, हार्ट अटैक या पल्मोनरी एम्बोलिज्म जैसी गंभीर स्थितियों को जन्म दे सकते हैं। महिलाओं में विशेष रूप से गर्भावस्था के दौरान यह स्थिति और भी चिंताजनक हो जाती है।

### किन लक्षणों को नजरअंदाज न करें?

यदि किसी महिला को 10 सप्ताह के बाद लगातार दो बार गर्भपात हो चुका हो, या प्रारंभिक गर्भावस्था में तीन या अधिक बार गर्भपात हुआ हो, तो यह संकेत हो सकता है कि शरीर में एंटी फॉस्फॉलिपिड एंटीबॉडीज सक्रिय हैं। इसके अन्य लक्षणों में पैरों में सूजन, दर्द, सांस लेने में तकलीफ या अचानक छाती में दर्द शामिल हो सकते हैं।

### समय पर जांच और इलाज है जरूरी -

डॉ. उपेन्द्र शर्मा के अनुसार, इस बीमारी की पहचान विशेष रक्त परीक्षण और मरीज के स्वास्थ्य इतिहास की गहन जांच से की जाती है। यदि समय रहते इस बीमारी का निदान हो जाए तो रक्त को पतला करने वाली दवाएं और अन्य सावधानियों के जरिए इसे नियंत्रित किया जा सकता है। गर्भावस्था की योजना बनाने से पहले ही हेमेटोलॉजिस्ट या गायनेकोलॉजिस्ट से परामर्श लेना अत्यंत आवश्यक है।



# देश में तैयार हो रही है रोबोट सेना



**प्रौद्योगिकी**

प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार


मनुष्य की सोच असीम संभावनाओं से जुड़ी है। कल्पना से शुरू होने वाले विचार सच्चाई के धरातल पर आकार लेते हैं, तो आंखें हैरान रह जाती हैं। भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिक एक ऐसे मानव सदृश्य अर्थात ह्यूमोनॉइड रोबोट के विकास पर काम कर रहे हैं, जो सैन्य अभियानों में न केवल मानव सैनिकों के सहयोगी का काम करेंगे, बल्कि स्वयं भी युद्ध में भागीदार रहेंगे। इन रोबोट के निर्माण का उद्देश्य दुर्गम क्षेत्रों में लड़ने के लिए तैयार किया जा रहा है, जिससे मानव सैनिकों को रक्त बहाने की जरूरत न पड़े। डीआरडीओ की प्रमुख प्रयोगशाला रिसर्च एंड डवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट (इंजीनियर्स) इस ह्यूमोनॉइड रोबोट को विकसित करने में लगी है। इस मानव रोबोट के ऊपरी और निचले शरीर के भाग पृथक-पृथक मानव रूपों में तैयार किए जा रहे हैं। इन पर किए परीक्षणों से ज्ञात हुआ कि यह प्रयोग सफलता की ओर बढ़ रहा है। पुणे में आयोजित नेशनल वर्कशॉप ऑन एडवांस लेग्ड रोबोटिक्स में इस रोबोट को प्रदर्शित भी किया गया है। इस कार्य को आगे बढ़ाने में सेंटर फॉर सिस्टम एंड टेक्नोलॉजी और एडवांस रोबोटिक्स की मदद भी ली जा रही है।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद तेजी

पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों के विरुद्ध चले ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस अभियान में तेजी आ गई है। इजरायल पहले ही एक ऐसी 'रोक रोबोट' सेना तैयार कर चुका है, जो केवल युद्ध लड़ेगी, बल्कि सीमा पर इंसानी सैनिकों की जगह भी ले लेगी। इजरायल की विख्यात रक्षा कंपनी इल्बिट रोबो टीम ने इस सेना को तैयार किया है। रोबो टीम के सीईओ इलाजलेवी के मुताबिक आकाश में ड्रोन और हवाई रोबोट के जरिए होने वाले सभी काम अब धरती पर भी हो सकेंगे। मानव रहित रोक रोबोट के अंदर स्वयं ही खतरों को भांपकर फैसला लेने की क्षमता विकसित कर दी गई है। कृत्रिम बौद्धिक क्षमता से परिपूर्ण ये रोबोट जंग के मैदान में खराब होने पर इसके पुर्जे साथ चलने वाले रोबोट सैनिक बदल देंगे। इसकी इस विशेषता से रोबोट सैनिक एकाएक निष्क्रिय नहीं होंगे। 200 किलोग्राम वजन वाले इस रोक रोबोट की दौड़ने की क्षमता 30 किलोमीटर प्रतिघंटा है। यह 1200 किलोमीटर मारक क्षमता वाले हथियार लेकर चलने में सक्षम हैं। इसकी कीमत डेढ़ लाख डॉलर से लेकर तीन लाख डॉलर तक है। मसलन भविष्य के युद्ध रोबोट थल सेना लड़ेगी।

## एआई बनी चर्चा का विषय

कृत्रिम बौद्धिकता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पिछले एक दशक से अपनी हैरतअंगेज उपलब्धियों व भविष्य की संभावनाओं के चलते दुनिया में चर्चा का विषय बनी हुई है। एलन मस्क, बिल गेट्स और स्टीफन हॉकिंग ने इसकी अतिरिक्त बुद्धि एवं शक्ति से आशंकित होकर कई बार चेताया भी है। बावजूद अनेक ऐसे पूंजी-निवेशक और वैज्ञानिक हैं, जो एआई को एक बेहतर भविष्य के सपने के रूप में देखते रहे हैं। क्योंकि आज रोबोट कारखानों में मजदूरी के काम से लेकर शिक्षक, टीवी एंकर, नर्स और अब



सैनिक की भूमिका में अवतरित होने जा रहा है। मानव और मशीन के बीच पैदा होने वाले ये द्वंद्व हकीकत में किस सच्चाई के रूप में सामने आएंगे, यह तो फिलहाल भविष्य के गर्भ में है, लेकिन जब-जब कोई नया आविष्कार हुआ है तो वह शंका का कारण तो बना ही है। भारत सरकार इस कोशिश में है कि तीनों सेनाओं में कृत्रिम बुद्धि (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी) से निर्मित रोबोटिक हथियारों की संख्या बढ़ा दी जाए। इस नाते एक महत्वाकांक्षी रक्षा परियोजना की शुरुआत की गई है। इस परियोजना का उद्देश्य मानव रहित टैंक, जलपोत, स्वचालित राइफल और रोबो आर्मी तक खड़ी की जाने की तैयारी है। हवाईयानों को भी रोबोटिक हथियारों से सक्षम बनाया जाएगा। यह परियोजना जब क्रियान्वित हो जाएगी तब भारत की थल, जल और वायु सेनाएं युद्ध लड़ने के लिए नई तकनीक से सक्षम हो जाएंगी। टाटा संस के प्रमुख एन चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाला एक उच्च स्तरीय समूह इस परियोजना को अंतिम रूप दे रहा है। इसमें भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) भी सहयोग कर रहा है। दरअसल भविष्य के युद्धों में रोबोट और मानव रहित हथियार ही ज्यादा उपयोग में लाए जाएंगे। सेना को बदलते परिवेश की जरूरतों के अनुसार ढालना जरूरी है, क्योंकि पाकिस्तान और चीन की सीमा पर दृश्य दुश्मनों से कहीं ज्यादा अदृश्य दुश्मनों की चुनौती पिछले तीन दशक से पेश आ रही हैं। साफ है, इनसे निपटना आसान नहीं है। क्योंकि ये सामने तो दिखाई नहीं देते हैं, मगर इनका धोखे से किया गया हमला बड़ा खतरनाक होता है। ऐसे ही हमलों के चलते हम कश्मीर घाटी और पाक सीमा पर 42000 से भी ज्यादा नागरिक और सैनिक गवां चुके हैं। हाल ही में पहलगाम में हुए इन आतंकियों ने 26 पर्यटकों के प्राण ले लिए थे। इसी की प्रतिक्रिया में ऑपरेशन सिंदूर जारी है। साफ है, इन धोखेबाज ताकतों से अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से जुड़े उपकरणों से ही निपटना बेहतर है। इस कड़ी में अब भारतीय रोबो सेना जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ने के लिए उतारने की तैयारी की जा रही है। ये रोबोट आतंकियों के गुप्त ठिकानों में दृश्य व अदृश्य शक्ति के रूप में उतरकर उनकी मौजूदगी की सटीक जानकारी तो देंगे ही, अलबत्ता उन्हें पलों में तबाह भी कर देंगे। ये रोबोट घाटी एवं नियंत्रण रेखा पर जो आतंक प्रभावित क्षेत्र हैं, उनमें सेना की आतंकरोधी इकाई और सुरक्षा बलों के लिए सुरक्षा के लौह कवच सिद्ध होंगे। इनकी सीमा पर उपलब्धता के साथ ही सेना को पूरी तरह हाईटेक बना दिया जाएगा। यही नहीं दुश्मन की घुसपैठ को नाकाम बनाने और पाकिस्तानी सेना के हमलों से मुकाबले में भी यह रोबोट सेना फलदायी सिद्ध होगी। कृत्रिम बुद्धि (एआई) वाले ये रोबोट सेना के रूप में सीमा पर शक्ति का पर्याय बनके दुश्मन पर कहर बनकर टूटेंगे।इसी मंषा के अनुरूप रक्षा मंत्रालय ने पहले चरण में 550 रोबोटिक्स सर्वेलांस यूनिट खरीद रहा है। इनकी खेप मिलते ही इन्हें सेना के सुपुर्द कर दिया जाएगा। ये आर्मी-रोबो किसी भी आतंकरोधी अभियान के दौरान आतंकियों पर हमला करने में सहायक की भूमिका निभाएंगे। सुरक्षा बलों के लिए आतंकियों के विरुद्ध कार्यवाही में सबसे बड़ी चुनौती उनकी सही संख्या और उनके पास उपलब्ध हथियारों की पूरी जानकारी लेने की होती है।

## मानव सैनिकों के लिए थर्मल जैकेट

भारतीय युद्ध और रक्षा प्रणालियों में आमूल-चूल परिवर्तन किया जा रहा है। सेना को रोबोटिक तकनीक से जोड़ने के लिए प्रौद्योगिकी संस्थान के विज्ञानियों ने सेना के लिए आधुनिकतम रक्षा उपकरण विकसित करके नए कीर्तिमान बनाए हैं। इन्होंने सैनिकों के भरोसेमंद साथी के रूप में इंटेलीजेंट रोबोट निर्मित किया है। दूसरा नवाचार थर्मल जैकेट का किया है, यह जानलेवा गर्मी से सैनिकों की सुरक्षा करेगी।

हृदय की बीमारियों से ग्रस्ति 13 बच्चों की अहमदाबाद में होगी नि:शुल्क सर्जरी

# सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा एवं पीएमओ डॉ. शंकरलाल सोनी ने हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना




मरुधर विशेष

**हनुमानगढ़, (प्रभु राम)** जिले में संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत शनिवार को 13 बच्चों को वातानुकूलित बस के माध्यम से जयपुर में श्री सत्य साईं हॉस्पीटल एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'विशाल नि:शुल्क हृदय रोग शिविर' में जांच के लिए भेजा गया। यह 13 बच्चे हृदय की बीमारियों से ग्रस्ति थे और इन्हें रविवार को जयपुर में जांच के बाद अहमदाबाद के श्री सत्य साईं हॉस्पीटल बच्चों की नि:शुल्क सर्जरी (ऑपरेशन) किया जाएगा। बस को सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा एवं पीएमओ डॉ. शंकरलाल सोनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि चिकित्सा विभाग तथा श्री सत्य साईं हॉस्पीटल संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान में हृदय की बीमारियों से ग्रस्ति बच्चों की सर्जरी करवाई जाती है। इसी क्रम में शनिवार को जिला हनुमानगढ़ से चयनित 13 बच्चों को वातानुकूलित बस के माध्यम से जयपुर भेजा गया। रविवार को जयपुर के श्री महावीर कॉलेज में आयोजित 'विशाल नि:शुल्क हृदय रोग शिविर' में बच्चों की समस्त प्रकार की जांचें की जाएंगी। डॉ. नवनीत शर्मा एवं डॉ. शंकरलाल सोनी ने कैम्प से लाभान्वित होने वाले बच्चों व परिजनों से वार्ता की एवं सरकार की लाभकारी योजना के बारे में मार्गदर्शन किया। बच्चों के परिजनों ने माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा एवं राजस्थान सरकार का धन्यवाद किया। डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जयपुर में आयोजित होने वाले विशाल नि:शुल्क हृदय रोग शिविर में बच्चों की आवश्यक जांचें कर सत्य साईं अस्पताल अहमदाबाद में आवश्यक सर्जरी नि:शुल्क की जाएगी। शिविर में जाने वाले बच्चों के आवागमन एवं भोजन की समस्त व्यवस्थाएं चिकित्सा विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई गई है। वाहन के साथ एवं कैम्प स्थल पर आवश्यक समन्वय के लिए अतिरिक्त जिला नोडल अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, आयुष चिकित्सक डॉ. रामकुमार शर्मा व डॉ. जगदीश प्रसाद शर्मा की ड्यूटी लगाई गई है।

# जिला कलेक्टर उत्सव कौशल बहज में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अन्वेषण साइट पहुंचे

मरुधर विशेष



**संवाददाता सलीम खान** डीग, - जिला कलेक्टर उत्सव कौशल शनिवार को पंचायत समिति डीग के ग्राम बहज पहुंचे जहां उन्होंने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अन्वेषण साइट का अवलोकन कर वहां उपस्थित खोजकर्ताओं से अभी तक निकले अवशेषों के बारे में आवश्यक जानकारी ली। ब्रज क्षेत्र में स्थित यह स्थल प्राचीन सभ्यताओं के अवशेषों के लिए जाना जाता है, जो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के लिए एक बहुमूल्य खोज है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अन्वेषण स्थल पर मौजूद विभिन्न कालों के ढांचों का मुआयना किया। उन्होंने स्थल में अभी तक प्राप्त वस्तुओं को देखा और उनके संबंध में जानकारी ली। इस दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के कार्मिक मौजूद रहे जो निरंतर समन्वेषण का कार्य जारी रखे हुए थे। श्री कौशल ने प्राप्त वस्तुओं के सैंपल को भी देखा जो बताया गया कि वे कुषाण काल से महाभारत काल तक के है। उन्होंने स्वयं स्थल के गहराई में पहुंच साइट का अवलोकन किया।

इस दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधिकारीयों ने स्थल से संबंधित अहम जानकारी बताई। उल्लेखनीय है कि कल दिनांक 18 मई, रविवार डीग में जल महल के नंद भवन में बहज अन्वेषण साइट की प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न कालों के प्राप्त वस्तुओं को आमजन के बीच रखा जाएगा। यह प्रदर्शनी इतिहासकारों, आम लोगों, परीक्षार्थियों एवं पुरातत्व में रुचि रखने वाले लोगों के लिए शिक्षाप्रद व उपयोगी साबित होगी। बहज की खोज ब्रज क्षेत्र के इतिहास और संस्कृति के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान करती है। कुषाण काल, शुंग काल, मौर्य काल, महाजनपद काल और महाभारत काल के विशेष अवशेषों के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण साइट है।

# बस से उतरते समय फिसल गया महिला का पैर परिचालक धर्मवीर गुर्जर ने कामां अस्पताल में कराया भर्ती

मरुधर विशेष

**संवाददाता सलीम खान** कामां लोहागढ़ डिपो की एक बस से भरतपुर से कोसी यात्रा के दौरान गांव परमदरा में एक लड़की के गिरने का मामला सामने आया है। हादसा उस समय हुआ जब लड़की बस से उतर रही थी तभी अचानक लड़की का पैर गिट्टी पर से फिसल गया और लड़की अचानक जमीन पर गिर गई जिससे वह घायल हो गई । अचानक पैर फिसलने के कारण लड़की बस से उतरने के बाद जमीन पर गिर गई। इस दुर्घटना में लड़की को गंभीर चोटें आईं। बस के परिचालक ने अपने साथी को सुचना दी जिस पर धर्मवीर गुर्जर व श्याम तिवारी ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए घायल लड़की को कामां के उपजिला अस्पताल में भर्ती कराने का सुझाव दिया व दोनों ही तुरंत अस्पताल पहुंचे। घायल लड़की को तत्काल नजदीकी कामां के उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में लड़की का प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया गया है, और डॉक्टरों के अनुसार उसकी स्थिति स्थिर लेकिन निगरानी में है। परिचालक धर्मवीर गुर्जर की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए स्थानीय लोगों ने कहा कि उनकी वजह से एक बड़ा हादसा टल गया। घायल लड़की के परिजनों को सूचित कर दिया गया है, और वे अस्पताल पहुंच चुके हैं।



# आरसीआई सीबीएसई स्कूल में टॉपर्स को किया सम्मानित

मरुधर विशेष



**बानसूर सुरेश कुमार** बानसूर। आरसीआई सीबीएसई स्कूल बानसूर के कैंपस में बोर्ड कक्षा के टॉपर्स विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। निदेशक डॉ विजय कुमार ने बताया की सभी विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम के आधार पर क्षेत्र का श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम रहा क्योंकि कक्षा दसवीं का 100% परीक्षा परिणाम रहने के साथ-साथ 50% विद्यार्थियों ने 80% या उससे अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं में भी 100% परीक्षा परिणाम के साथ ही 60% विद्यार्थियों ने 80% तथा उससे अधिक अंक प्राप्त किए। इसके साथ ही सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से भी उत्तीर्ण हुए हैं। इतना ही नहीं आरसीआई के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं के साथ आईआईटी जेइई-फाउंडेशन की तैयारी करते हुए अच्छे प्रतिशत अंक 12वीं में प्राप्त करने के साथ-साथ कंपटीशन में जेईई परीक्षा भी उत्तीर्ण की है। प्रथम बैच में ही 19 विद्यार्थियों ने जेईई परीक्षा उत्तीर्ण की है। अर्थात हमारे यहां बोर्ड कक्षा के साथ-साथ कंपटीशन की भी तैयारी करवा कर विद्यार्थियों को दोनों में सफलता दिलवाई जाती है। अंकित छाबड़ी ने 94%, प्रियंका शेखावत ने 93.4%, मानवी यादव 93% , पारुल 92.60%, गर्वित कुमार 92.20 प्रतिशत, योगिता सैनी 91% तथा स्नेहा 90.80% अंक प्राप्त करके टॉपर्स रहे। सभी टॉपर्स विद्यार्थियो को साफा, माला, दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। सभी को तिलक लगाकर तथा मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गई। विद्यार्थियों के साथ आने वाले अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या नम्रता खुल्लर, सह निदेशक भूप सिंह, फाउंडेशन ब्लॉक से मनोज कुमार, प्रधानाचार्य लक्ष्मण प्रसाद, प्रधानाध्यापक दिनेश जांगिड़, समस्त स्टाफ तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

# भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद से गूंजा कोरिया तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और जवानों के शौर्य को दी सलामी**

मरुधर विशेष




**करन सोनी कोरिया।** जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में शनिवार को तिरंगा यात्रा के माध्यम से देशभक्ति की अनोखी तस्वीर देखने को मिली। नगर पालिक परिषद परिसर से प्रारंभ हुई यह यात्रा शासकीय आदर्श रामानुज स्कूल के मिनी स्टेडियम तक निकाली गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों से लेकर स्कूली बच्चों तक, सभी वर्गों की भागीदारी रही।

यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' और 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' के गगनभेदी नारों से पूरा शहर गूंज उठा। हाथों में तिरंगा लिए हुए जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, युवाओं, महिलाओं, पत्रकारों, शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों और शहरवासियों ने देश के प्रति गहरा सम्मान और समर्पण प्रदर्शित किया।

इस अवसर पर 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को याद करते हुए सीमा पर तैनात भारतीय जवानों को सलामी दी गई। आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर यह स्पष्ट संदेश दिया कि कोरिया जिले की जनता देश सेवा और एकता के प्रति सदैव तत्पर है।




कार्यक्रम के दौरान स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं, स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीतों और नारों ने माहौल को अत्यधिक प्रेरणादायक बना दिया। नगर पालिका और पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

इस भव्य तिरंगा यात्रा ने जहां राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया, वहीं नई पीढ़ी में देशप्रेम की भावना को भी सुदृढ़ किया।

इस तिरंगा यात्रा में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नविता शिवहरे, जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय दुबे सहित गणमान्य नागरिक देवेन्द्र तिवारी, शैलेष शिवहरे अनेक पार्षद, जनप्रतिनिधि, सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी व शहरवासी उपस्थित थे।

# जहाडू गांव की पहाड़ियो पर लगी आग, दो फायर ब्रिगेडो ने दो घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू



मरुधर विशेष

**कठूमर(दिनेश लेखी)।** उपखंड क्षेत्र के गांव जहाडू में गत शुक्रवार देर रात पहाड़ियों में आग लग गई। आग की लपटे देख आसपास के लोग इकट्ठा हुए और मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया आग की लपटे तेज होने के कारण काबू नहीं पाया जा सका। जानकारी के अनुसार जहाडू गांव की पहाड़ियों पर गत शुक्रवार रात्रि करीब 12 बजे अचानक आग लग गयी आग की लपटे और धूऐ का गुब्बार देख आसपास के ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हुए और अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग की लपटे तेज होने के कारण काबू नहीं पाया जा सका जिसकी सूचना नगरपालिका खेड़ली की फायर ब्रिगेड गाड़ी को दी गई सूचना मिलते ही फायर ड्राइवर अंकुश शर्मा, फायर मैंन प्रेमचंद फायर ड्राइवर किशन सैनी फायरमैन चाणक्य दोनों गाडियो को लेकर मौके पर पहुंचे और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।उधर आगजनी की सूचना पर बहतुकला थानाधिकारी संजय शर्मा भी मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और आगजनी कि घटना का जायजा लिया।

# पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा कोलिला जोगा के श्याम मंदिर में सामाजिक सरोकार के तहत लगाया वाटर कूलर



मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** नीमराना उपखण्ड क्षेत्र के कोलीला जोगा गांव में श्री ठाकुर जी श्याम मंदिर में शनिवार को पंजाब नेशनल बैंक ने अपने सामाजिक सरोकार के तहत पीएनबी ने गोद लिए गांव के मंदिर में वाटर कूलर भेंट किया।अमित सिंह कोलीला ने बताया कि इस मौके पर पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारीगण जिनमें अग्रणी जिला प्रबंधक कोटपुतली बहरोड़ मुकेश कुमार गुर्जर, पंजाब नेशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र नीमराना के निदेशक रंजीत कुमार यादव, पीएनबी नीमराना शाखा प्रमुख पुष्पेंद्र फानन, पीएनबी शाखा प्रबंधक शाहजहांपुर राजेंद्र यादव,पीएनबी बहरोड गंगा बिशन के विपणन अधिकारी चेतन सेंडदाने ,दीपक शर्मा बैंक के अधिकारियों की मौजूदगी में वाटर कूलर लगाया गया। बाबा श्याम मंदिर के दर्शन के पश्चात विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर वाटर कूलर का फीता काटकर बाबा श्याम के मंदिर में समर्पित किया। इस अवसर पर चीकू बन्ना,अमित कोलीला,प्रताप सिंह,जतन पाल, साहिल,सूरज,ओमवीर,कुलदीप,सुमित आदि ग्रामीणों ने बैंक कर्मियों का स्वागत किया। ग्रामीणों के द्वारा बैंककर्मियों को गांव में गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया।

# सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन,दिव्यांगजनों को मिला सहारा

मरुधर विशेष, करन सोनी



**एमसीबी।** ग्राम पंचायत नागपुर में 16 मई 2025 को सुशासन तिहार समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंदों तक सीधे पहुंचाना था। विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए यह शिविर सहायक सिद्ध हुआ। समाज कल्याण विभाग मनेन्द्रगढ़ द्वारा पूर्व में प्राप्त आवेदनों की जांच कर पात्र पाए गए दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण वितरित किए गए। शिविर में कुल 7 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 1 दिव्यांगजन को व्हीलचेयर, तथा 5 दिव्यांगजनों को छड़ी प्रदान की गई, जिससे उनके दैनिक जीवन में सहूलियत हो सके। इस वितरण कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष जानकी बाई खुसरो, जिला अध्यक्ष चंपा देवी पावले, जनपद सदस्य रीना अग्रवाल, अनुविभागीय अधिकारी लिंगराज सिदार, जनपद सीईओ वैशाली सिंह, तहसीलदार उमंग जैन, सहित अनेक जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर का उद्देश्य सुशासन के तहत जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाना था। इस अवसर पर जनसमुदाय ने इस आयोजन की सराहना की और शासन द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त किया।

जहाडू गांव में कुडा डालने को लेकर दो पक्षों में आपस में हुआ झगड़ा

# झगड़े में आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल, एक महिला को गंभीर अवस्था में किया अलवर रैफर

मरुधर विशेष

**कठूमर (दिनेश लेखी) ।** बहतुकला थाना क्षेत्र के जहाडू गांव में कुडा डालने को लेकर दो पक्षों में आपस में झगड़ा हो गया और झगड़े में आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। इनमें से एक महिला को गंभीर अवस्था में अलवर रैफर कर दिया।

थानाधिकारी ने बताया कि जहाडू गांव की एक छत्तीस वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 16 मई को सुबह साढ़े आठ बजे अपने घर के कुआं पर गुंडा डालने गई तो वहां घूडा नहीं मिला वहां मौजूद कुछ लोगों ने कहा कि हमने तुम्हारा घूडा चोरी कर लिया तुमसे जो हो सके कर लेना और पीड़िता के साथ मारपीट शुरू कर दी।और मुझे बचाने आए मेरे देवर भागचंद, चचिया ससुर फूल सिंह, चचिया नहनी, देवर मनोहर को भी मारपीट करना शुरू कर दिया और महिलाओं को बेअदब करते हुए जाति सूचक शब्दों के साथ मारपीट की, झगड़े में माया, केसंती, फूलचंद, गीता, रीना, भागचंद, मनोहर , फूलसिंह आदि घायल हो गए आरोपियों ने पीड़िता के गले से सोने के ताबीज व चैन छीन कर ले गए। मामले में आडवाणी उर्फ अमीलाल, हरि, हुकम सिंह, दिनेश पुत्र जय सिंह जाति जाट को आरोपी बनाया गया है। सूचना मिलने पर बहतुकला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती करा इलाज कराया। इनमें से एक गंभीर महिला को अलवर रैफर कर दिया गया। मामले की जांच कठूमर डीएसपी कर रहे हैं।

# घीलोठ औद्योगिक प्लास्टिक स्क्रैप दाना बनाने की कंपनी में वेल्डिंग की चिंगारी से लगी भीषण आग

**4 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद पांच दमकलों ने आग पर पाया काबू**

मरुधर विशेष

**नीमराना ( सुनील मेघवाल)** घीलोठ औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार शाम करीब 4बजे स्क्रैप दाना बनाने वाली सांखला इंडस्ट्रीज कम्पनी में बैल्डिंग की चिंगारी से सुलगी आग से विकराल हुई आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। घीलोठ रीको इंडस्ट्रीज एसोसिएशन अध्यक्ष चरणसिंह यादव ने बताया कि घीलोठ औद्योगिक क्षेत्र में स्थित सांखला इंडस्ट्रीज औद्योगिक इकाई जो प्लास्टिक स्क्रैप से दाना तैयार करती है। बैल्डिंग से रिपेयरिंग कार्य किया जा रहा था। भीष्ण गर्मी में बढ़े तापमान के बीच बैल्डिंग की हल्की सी उठी चिंगारी से प्लास्टिक दाने में धधकी आग ने पलक झपकते ही तेजी से धधकती हुई विकराल रूप धारण कर लिया।प्लास्टिक दाना निर्माता कंपनी में



आग लगने की सूचना पर शाहजहांपुर थाना व घीलोठ पुलिस चौकी से पहुंचे जाप्ता द्वारा अग्निशमन केंद्रों में सूचना देकर आग पर नियंत्रण के लिए दमकलें घटना स्थल भिजवाई। घीलोठ, नीमराना,बहरोड,सोतानाला, बावल सहित दमकलें मौके पर पहुंच आग बुझाने में जुटी। वहीं जेसीबी की सहायता से कम्पनी के अन्य सामान को आग से बचाने के लिए आग स्थल से दूर कराया गया। अग्नि शमन के कृष्ण यादव, घीलोठ औद्योगिक दमकल केंद्र प्रभारी मनजीत चौधरी सहित अन्य दमकलकर्मियों के अथक प्रयासों से आग बुझाने में जुटने के बावजूद दिनभर आग से धुएं के काले गुब्बार आसमान में दूर तक देखे गए। आग लगने की सूचना पर उद्यमी सुशील यादव, संदीप जांगिड़, शाहजहांपुर एसोसिएशन अध्यक्ष बिजेंद्र चौधरी, योगेश शर्मा,संजय वर्मा सहित भी घटना स्थल पहुंच जायजा लिया। मनजीत चौधरी ने बताया कि पांच जगह की दमकल ने करीब दो दर्जन से अधिक फेरे लगाकर आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने से कंपनी का काफी बड़ा नुकसान बताया जा रहा है।

# रोडवाल में बाबा चुन्नड़दास महाराज के मेले ,भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

**सांस्कृतिक कार्यक्रम का श्रद्धालुओं ने लिया आंनद**



मरुधर विशेष

**नीमराना( सुनील मेघवाल)** नीमराना क्षेत्र के रोडवाल के मुकंदसिंहपुरा डोकवाली आश्रम पर शनिवार को मन्दिर के महन्त नरेशनाथ महाराज के सानिध्य में वार्षिक मेला एवं भंडारे का आयोजन हुआ।मेले एवं भंडारे का शुभारंभ हवन यज्ञ कर शुरुआत की गई।मेले में उमड़े श्रद्धालुओं ने मन्दिर में धोक लगाकर बाबा से अपने परिवार और क्षेत्र की खुशहाली की कामना कर ज्योत जलाकर प्रसाद चढ़ाया।मेले में अतिथि सुमित गिरी महाराज,गुरु मधु किन्नर नीमराना,डॉ दीपिका यादव सोनी देवी नीमराना ने भाग लिया। ग्रामीणों कि तरफ से अतिथियों का फूल माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। मेले में रोडवाल, अबलपुरा, सिलारपुर, भीमपुरा, माजरी खुर्द,माजरा, कांटी, खेड़ी,कान्हावास सहित आसपास के ग्रामीण व ईंट भट्टा पर कामगार आदि गांवों से आए श्रद्धालुओं ने यहां लगे भंडारे में बैठकर पंगत में प्रसादी पाई। जिसमें गायक कलाकार मन्नू तंवर एण्ड पार्टी के द्वारा भजन कलाकारों ने बाबा की महिमा का गुणगान प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का भरपूर मनोरंजन किया। मंच संचालन शिक्षाविद राजेश कुमार यादव व डॉ राजेन्द्र यादव के द्वारा किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में फूलचंद, भवानीसहाय , जगमाल सिंह, गजराज सिंह, हरद्वारी लाल, विजयसिंह, संजीव कुमार, बाबुलाल,अभयसिंह, सतवीर, रतनलाल होलदार, कृष्ण कुमार यादव, कैलाशचन्द, कृष्ण सेठी, सामाजिक कार्यकर्ता नत्थू राम सैन आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ

**पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 मई**

मरुधर विशेष

**कोटपूतली।(सीताराम गुप्ता)** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ कोटपूतली के तत्वाधान में 17 मई से 28 जून तक ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर का आयोजन यहाँ के राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया जा रहा है। सचिव रामबीर यादव ने बताया कि शिविर में बालकों में स्काउटिंग भावना के साथ 10 विषयों में प्रशिक्षण दिया जायेगा। बालक बालिकाएं अपनी रुचि के अनुसार नृत्य, जूडो कराटे, सिलाई, मेहंदी, ब्यूटीशियन, मेहंदी, योग, इंग्लिश स्पोकन, कंप्यूटर, हारमोनियम, शतरंज आदि विषयों में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। शिविर में स्काउटिंग, गाइडिंग, रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में कौशल विकास और अभिरुचियों को प्रोत्साहित किया जायेगा। शिविर हेतु पंजीकरण प्रारम्भ हो चुका है। इच्छुक छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक विद्यालय में संपर्क कर पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 मई है। सीटें सीमित हैं, अत: शीघ्र पंजीकरण करवायें। शिविर में शिविर निदेशक मनोरमा यादव, शिविर संचालक हंसराज यादव प्राचार्य सहित विभिन्न अभिरुचियों के दक्ष प्रशिक्षक प्रशिक्षण देंगे।




# जहाडू गांव में कुडा डालने को लेकर दो पक्षों में आपस में हुआ झगड़ा

**झगड़े में आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल, एक महिला को गंभीर अवस्था में किया अलवर रैफर**

मरुधर विशेष

**कठूमर (दिनेश लेखी) ।** बहतुकला थाना क्षेत्र के जहाडू गांव में कुडा डालने को लेकर दो पक्षों में आपस में झगड़ा हो गया और झगड़े में आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। इनमें से एक महिला को गंभीर अवस्था में अलवर रैफर कर दिया।

थानाधिकारी ने बताया कि जहाडू गांव की एक छत्तीस वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 16 मई को सुबह साढ़े आठ बजे अपने घर के कुआं पर गुंडा डालने गई तो वहां घूडा नहीं मिला वहां मौजूद कुछ लोगों ने कहा कि हमने तुम्हारा घूडा चोरी कर लिया तुमसे जो हो सके कर लेना और पीड़िता के साथ मारपीट शुरू कर दी।और मुझे बचाने आए मेरे देवर भागचंद, चचिया ससुर फूल सिंह, चचिया नहनी, देवर मनोहर को भी मारपीट करना शुरू कर दिया और महिलाओं को बेअदब करते हुए जाति सूचक शब्दों के साथ मारपीट की, झगड़े में माया, केसंती, फूलचंद, गीता, रीना, भागचंद, मनोहर , फूलसिंह आदि घायल हो गए आरोपियों ने पीड़िता के गले से सोने के ताबीज व चैन छीन कर ले गए। मामले में आडवाणी उर्फ अमीलाल, हरि, हुकम सिंह, दिनेश पुत्र जय सिंह जाति जाट को आरोपी बनाया गया है।

सूचना मिलने पर बहतुकला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती करा इलाज कराया। इनमें से एक गंभीर महिला को अलवर रैफर कर दिया गया। मामले की जांच कठूमर डीएसपी कर रहे हैं।

# टेटे विश्व चैंपियनशिप: श्रीजा हारी, अन्य भारतीय जीत के साथ अगले दौर में

भाषा ▶▶| दोहा

भारत की नंबर एक खिलाड़ी श्रीजा अकुला पहले दौर में हारकर बाहर हो गईं, लेकिन दीया चिताले और मानुष शाह सहित देश के अन्य खिलाड़ी शनिवार को यहां टेबल टेनिस विश्व चैंपियनशिप में महिला और पुरुष एकल स्पर्धाओं के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे। युगल वर्ग में भी भारतीय जोड़ियां दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रही। मुखर्जी बहनों (अयहिका और सुतिर्था) के साथ दीया चिताले और यशस्विनी घोरपड़े की जोड़ी ने शनिवार को यहां टेबल टेनिस विश्व चैंपियनशिप में अपने-अपने महिला युगल के शुरुआती मैच जीत लिए। मानव ठक्कर और मानुष शाह की पुरुष युगल भारतीय जोड़ी ने भी जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। अपने खेल में आमतौर पर बेहद कम गलतियां करने वाली अकुला थाईलैंड की सुथासिनी सावेत्ता से 1-4 (11-9 8-11 6-11 5-11 2-11) से हार गईं। यह भारतीय खिलाड़ी के लिए निराशाजनक प्रदर्शन रहा क्योंकि वह दुनिया की 84वें नंबर की खिलाड़ी से हारकर टूर्नामेंट के शुरुआती दौर से ही बाहर हो गयी। श्रीजा



पहला गेम जीतने के बाद अपनी लय गवां बैठीं और लगातार गलतियां करते हुए महज 33 मिनट में हार गयी। एशियाई खेलों की पदक विजेता अयहिका और सुतिर्था ने तुर्की की ओजगे यिलमाज और एसे हाराक की जोड़ी को पांच गेमों के रोमांचक मुकाबले में 3-2 (4-11 11-9 10-12 11-9 11-7) से हराया। इस परिणाम का मतलब है कि भारतीय जोड़ी ने छह मैचों की हार का सिलसिला खत्म करते हुए आईटीटीएफ विश्व चैम्पियनशिप के अगले दौर में प्रवेश किया।

# अवनि बनीं फिडे रेटिंग चैंपियन



**मुंबई।** कर्नाटक की अवनि उडिपी शनिवार को यहां अखिल भारतीय शतरंज मास्टर्स फिडे रेटिंग टूर्नामेंट में महाराष्ट्र के मयूरेश पारकर के मुकाबले बेहतर टाईब्रेकर स्कोर के आधार पर चैंपियन बनीं। बीस वर्षीय अवनि (फिडे रेटिंग 1669) ने पारकर (फिडे रेटिंग 1757) के समान सात अंक हासिल किए। मुख्य निर्णायक अजिंक्य पिंगले ने उन्हें विजेता घोषित किया। अवनि ने 36.5 का टाई-ब्रेक स्कोर हासिल किया जबकि पारकर ने 32 का स्कोर बनाया। छह प्रतियोगियों ने 6.5 अंक हासिल करके तीसरे से आठवें स्थान पर जगह बनाई।

इटैलियन ओपन

# सिनर-अल्कारेज के बीच होगा खिताबी मुकाबला



एजेंसी ▶▶| रोम

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने शुक्रवार रात को यहां टॉमी पॉल के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत कार्लोस अल्कारेज से होगी।

सिनर ने दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल को सेमीफाइनल में 1-6, 6-0, 6-3 से हराया। वह 1976 में एड्रियानो पेनेटा के बाद रोम ट्रॉफी जीतने वाला इटली का पहला पुरुष खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। इससे पहले अल्कारेज ने लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ 6-3, 7-6 की आसान जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अल्कारेज ने सिनर के खिलाफ अक्टूबर में चीन ओपन के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच हुआ पिछला मुकाबला टाईब्रेकर में जीता था। सिनर हालांकि अल्कारेज के खिलाफ उस हार के बाद से लगातार 26 मैच जीत चुके हैं। अल्कारेज ने सिनर के खिलाफ अब तक 10 में से छह मुकाबले जीते हैं जबकि चार में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है।

## खबर संक्षेप



### यू मुंबा ने कोर टीम को बरकरार रखा

**मुंबई।** सुनील कुमार प्रो कबड्डी लीग में यू मुंबा की अगुवाई करना जारी रखेंगे, जिसमें टीम ने टूर्नामेंट के 12वें सत्र के लिए रेडर रोहित राघव सहित अपने नौ प्रमुख खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। दायीं ओर से डिफेंडर की भूमिका निभाने वाले सुनील पीकेएल इतिहास में सबसे सफल कप्तान हैं तो वहीं राघव पिछले सत्र में टीम के लिए तुरूप का इक्का बनकर उभरे थे। नीलामी में किसी भी फ्रेंचाइजी से बोली हासिल करने में नाकाम रहे राघव ने चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर टीम से जुड़कर पिछले सत्र में 68 रेड पॉइंट और 11 टैकल पॉइंट के साथ प्रभावित किया था।

### जीव आयरिश लीजेंड्स में संयुक्त चौथे स्थान पर

**किलकेनी।** भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने यहां 'आयरिश लीजेंड्स गोल्फ टूर्नामेंट' के दूसरे दिन पांच अंडर 67 का संयुक्त रूप से दिन का सबसे बेहतर कार्ड खेला जिससे वह दो दौर के खेल के बाद संयुक्त चौथे स्थान पर है। उन्होंने पहले दौर में 70 का कार्ड खेला था जिससे उनका कुल स्कोर सात अंडर का है। उनके और तालिका में शीर्ष पर काबिज कीथ हॉर्न (65-68) के बीच चार शॉट का फासला है। जीव पिछले साल इस स्पर्धा में संयुक्त आठवें स्थान पर रहे थे।




### भारत जीत का मजबूत दावेदार

**यूपिया।** भारतीय टीम सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के फाइनल में रविवार को यहां चिर-परिचित प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश टूर्नामेंट में अब तक के दबदबे वाले अजेय क्रम को जारी रखने की होगी। ग्रुप चरण में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद भारत जीत का प्रबल दावेदार है। टीम ने ग्रुप चरण में श्रीलंका को 8-0 और नेपाल को 4-0 से धूल चटाने के बाद सेमीफाइनल में मालदीव को 3-0 से रौंदा। बांग्लादेश भी अब तक अजेय है। उसने मालदीव के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला।



### युकी और गैलोवे सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारत के युकी भांबरी और उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने शनिवार को क्वेंटिन हैलिस और अल्बानो ओलिवेटी की गैरवरीयता प्राप्त फ्रांसीसी जोड़ी को सीधे सेट में हराकर बॉरडॉक्स चैलेंजर के पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत और अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे आठ मिनट चले मुकाबले में अपने गैरवरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों पर 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की।



# आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने विभागीय कार्यों की ली समीक्षा बैठक

मरुधर विशेष

**करन सोनी अम्बिकापुर।** आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं और कार्यों की समीक्षा बैठक आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, अंबिकापुर में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर विलास भोसकर, उप सचिव यू.के. राजपूत, सरगुजा संभाग के सभी जिलों से सूरजपुर, कोरिया, बलरामपुर, एमसीबी के परियोजना प्रशासक, सहायक आयुक्त, जनपद पंचायत सीईओ सहित आदिवासी विकास विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में पीएम जनमन, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, वृक्षारोपण सप्ताह, संविधान अनुच्छेद 275 (1) एवं राज्य मद के अंतर्गत चल रहे छात्रावास एवं आश्रम भवन निर्माण, प्रयास आवासीय विद्यालय संचालन, सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त मांगों एवं शिकायतों की एजेंडा वार गहन समीक्षा की गई।

प्रमुख सचिव श्री बोरा ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना तथा उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि इन योजनाओं का ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

उन्होंने पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजातीय परिवारों के लिए स्वीकृत आवासों का निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन परिवारों की दुर्गम वनांचलों में रहने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए बरसात के पहले पक्के आवासों का निर्माण कार्य हर हाल में पूरा किया जाना चाहिए। यदि किसी प्रकार की सामग्री की कमी या अन्य अड़चन

आती है तो उसकी जानकारी तत्काल कलेक्टर या जिला पंचायत सीईओ को दें तथा स्वयं समन्वय कर समाधान सुनिश्चित करें।

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रारंभ से पूर्व सभी छात्रावासों एवं आश्रमों का निरीक्षण, साफ-सफाई, सिंटेक्स मरम्मत, पेयजल व्यवस्था, ड्रेनेज सिस्टम, बाथरूम-शौचालय की स्थिति आदि का अवलोकन कर आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव श्री बोरा ने बताया कि छात्रवृत्ति वितरण की नई व्यवस्था बनाई जा रही है, जिससे छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति मिल सकेगी। साथ ही नवीन अधीक्षकों की नियुक्ति की जानकारी देते हुए उनके लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

वृक्षारोपण सप्ताह के अंतर्गत पीएम जनमन बसाहट, धरती आबा ग्राम, छात्रावास, आश्रमों में फलदार, औषधीय एवं बहुउपयोगी पौधों जैसे इमली, आम, कटहल, बरगद, सहजन (मूंगा) के रोपण हेतु गड्ढे तैयार रखने तथा निर्धारित तिथि पर पौधारोपण की कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी बैठक में दिए गए।

अंत में उन्होंने अधिकारियों को सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने साथ ही विद्यालयों और छात्रावासों का नियमित निरीक्षण कर कमियों को प्राथमिकता में दूर करने का निर्देश दिया।

# वरिष्ठ पत्रकार एवं आईएफडब्ल्यूजे के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. विक्रम राव को दी श्रद्धांजलि



मरुधर विशेष

**मोहम्मद शकील/विजय सिंह खैरथल ।** देश के ख्यातनाम पत्रकार एवं अग्रणी पत्रकार संगठन आईएफडब्ल्यूजे के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. विक्रम राव के निधन पर शनिवार को इन्द्रा हैप्पी स्कूल परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। आईएफडब्ल्यूजे के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह राठौड़ के निर्देशन में समस्त राजस्थान में संगठन की जिला कार्यकारिणीयो द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में संगठन की खैरथल इकाई द्वारा शनिवार को श्रंद्धाजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पंकज खुराना ने दिवंगत डॉ. विक्रम राव की जीवनी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संगठन के जिला अध्यक्ष पंकज खुराना ने बताया कि इसके पश्चात दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का शांति मौन रखा गया, उसके पश्चात उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं के द्वारा उन्हें पुष्पांजलि के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित की।

नीरज ने जताई खुशी

# मैं फिट... चोटमुक्त, और 90 मीटर से अधिक भाला फेंकने पर नजर



एजेंसी ▶▶| दोहा

राहत और खुशी के साथ-साथ थोड़ी निराशा भी महसूस कर रहे भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि अब जबकि वह 90 मीटर का आंकड़ा पार कर चुके हैं तो वह और आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। उनका शरीर अब उन चोट से लगभग मुक्त हो गया है जो पिछले कुछ वर्षों से उन्हें परेशान कर रहीं थी।

दोहरे ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्षीय नीरज ने तीसरे प्रयास में भाले को 90.23 मीटर तक पहुंचाया नीरज ने स्पर्धा के बाद कहा, 'मैं 90 मीटर के प्रयास से बहुत खुश हूं लेकिन यह असल में थोड़ा खट्टा-मीठा अनुभव है। लेकिन कोई बात नहीं मैं और मेरे कोच अब भी मेरे थ्रो के कुछ पहलुओं पर काम कर रहे हैं। हमने इस साल फरवरी में ही साथ काम करना शुरू किया था। मैं अब भी चीजें सीख रहा हूं।' जेलेजनी के नाम 98.48 मीटर तक भाला फेंकने का विश्व रिकॉर्ड है और वह आमतौर पर डाइमंड लीग में नहीं जाते लेकिन चेक गणराज्य का यह कोच चोपड़ा के साथ यहां आया था क्योंकि उन्हें लगा था कि इस प्रतियोगिता में 90 मीटर के आंकड़े को पार किया जा सकता है।

### अब ग्रोइन की समस्या नहीं

नीरज ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों से मुझे हमेशा ग्रोइन में कुछ महसूस होता था। इस वजह से मैं अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पाया। इस साल मैं बहुत बेहतर महसूस कर रहा हूं। हम कुछ पहलुओं पर भी काम करेंगे और इसलिए मेरा मानना है कि मैं इस साल विश्व चैंपियनशिप से पहले की प्रतियोगिताओं में 90 मीटर से अधिक भाला फेंक सकता हूं।'

### अगला लक्ष्य भी 90 मीटर

विश्व चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में आयोजित की जाएगी जिसमें हरियाणा के नीरज गत चैंपियन हैं। अब जब 90 मीटर का आंकड़ा पार हो गया है तो अपने अगले लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर नीरज ने कहा, 'मेरा अगला लक्ष्य 90 मीटर ही है। मुझे लगता है कि मैं और आगे फेंकने के लिए तैयार हूं। यह एक लंबे सत्र की शुरुआत है।' नीरज ने कहा कि यहां की परिस्थितियों ने उन्हें बड़े थ्रो करने में मदद की क्योंकि हवा चल रही थी।

# अर्जेंटीना फुटबॉल टीम के दौरे को लेकर भरोसा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने शनिवार को अपना भरोसा दोहराया कि दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी की अगुवाई में अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सरकार की घोषणा के अनुसार राज्य का दौरा करेगी।





उन्होंने हालांकि यह स्पष्ट किया कि इस शीर्ष फुटबॉल टीम को राज्य में लाना सरकार की नहीं बल्कि प्रायोजकों की जिम्मेदारी है। मंत्री की प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है जब मीडिया के एक वर्ग ने दावा किया है कि अर्जेंटीना टीम ने केरल का अपना निर्धारित दौरा रद्द कर दिया है क्योंकि प्रायोजकों ने अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन किया है। यहां एक कार्यक्रम के इतर संवाददाताओं से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि कोच्चि स्थित रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग कंपनी ने अर्जेंटीना टीम के साथ करार किया था और अनुबंध अभी बरकरार है। अब्दुरहीमान ने कहा कि प्रायोजकों ने आश्वासन दिया है कि वे बिना किसी देरी के इस संबंध में भुगतान संबंधी मसलों को जल्द ही सुलझा लेंगे।

# एस्टन विला और चेल्सी जीते, चैंपियंस लीग क्वालीफाई करने की बढ़ी उम्मीद

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

एस्टन विला और चेल्सी ने अपने घरेलू मुकाबलों में जीत दर्ज करके प्रीमियर लीग फुटबॉल में शीर्ष पांच में रहने और अगले साल होने वाली चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद बढ़ा दी। एस्टन विला ने एजरी कोन्सा और बोबाकार कामरा के गोल की मदद से टोटेनहैम हॉट्सपर को 2-0 से हराया जबकि चेल्सी ने मार्क सुसुरेला के दूसरे हाफ में दागे गोल की बदौलत मैनचेस्टर यूनाईटेड को 1-0 से शिकस्त दी।



इस जीत से चेल्सी की टीम 66 अंक के साथ चौथे जबकि एस्टन विला की टीम इतने ही अंकों के साथ खराब गोल अंतर के कारण पांचवें स्थान पर है। लीग विजेता लीवरपूल चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई कर चुका है। बाकी टीमें चार स्थानों के लिए चुनौती पेश कर रही हैं। आर्सेनल की टीम 68 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। तीसरे स्थान पर मौजूद न्यूकासल के 66 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी की टीम 65 अंक के साथ छठे जबकि नॉटिंघम फॉरेस्ट की टीम 62 अंक के साथ सातवें स्थान पर है।

# हॉकी इंडिया ने घोषित की जूनियर महिला टीम

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने अर्जेंटीना के रोसारियो में होने वाले आगामी चार देशों के टूर्नामेंट के लिए शनिवार को 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला टीम की घोषणा की जिसमें गोलकीपर निधि को कप्तान बनाया गया है जबकि हिना बानो उप-कप्तान होंगी। यह टूर्नामेंट 25 मई से दो जून तक खेला जाएगा जिसमें भारत और मेजबान अर्जेंटीना के अलावा उरुग्वे और चिली की टीम हिस्सा लेंगी। दिसंबर में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के हिस्से के रूप में भारतीय टीम प्रत्येक टीम के खिलाफ दो मैच खेलेगी जो उसे अपने प्रदर्शन का मूल्यांकन करने, टीम संयोजन का आकलन करने और रणनीतियों को बेहतर करने में मदद करेगा।

भारत के टेस्ट कप्तान को लेकर पूर्व कोच रवि शास्त्री का बयान

# भारत की कप्तानी के लिए गिल-पंत बेहतर विकल्प

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि टेस्ट प्रारूप में भारत की कप्तानी के लिए शुभमन गिल और ऋषभ पंत बेहतर विकल्प होंगे। उनके पास इंडियन प्रीमियर लीग में कप्तानी का अनुभव है और इस भूमिका के लिए उनकी उम्र आदर्श है।

शास्त्री ने इसके साथ कहा कि खेल के पारंपरिक प्रारूप में नेतृत्व की भूमिका के लिए जसप्रीत बुमराह सबसे अच्छे विकल्प होते लेकिन फिटनेस समस्याओं के कारण इस तेज गेंदबाज को अतिरिक्त बोझ से बचाया जाना चाहिए। भारत के सर्वश्रेष्ठ हरफनमौला खिलाड़ियों में शामिल शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' में कहा, 'ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद मैं मानता हूं कि कप्तानी के लिए जसप्रीत स्पष्ट




विकल्प होते। लेकिन मैं नहीं चाहता कि जसप्रीत को कप्तान बनाया जाए। इससे आप एक गेंदबाज के तौर पर उन्हें गंवा सकते हैं। रोहित शर्मा के हाल ही में संन्यास लेने के बाद चयनकर्ताओं को एक नया टेस्ट कप्तान चुनना होगा। भारत को खेल के लंबे प्रारूप में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला श्रृंखला खेलनी है। यह दौरा 20 जून से शुरू होगा। बुमराह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के सिडनी में खेले गए अंतिम टेस्ट मैच में चोटिल हो गए थे। उन्हें पीठ की इस चोट से उबरने में लगभग तीन महीने लगे। वह इस दौरान चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भी भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थे। इस 31 साल के गेंदबाज ने आईपीएल के दौरान वापसी करते हुए मौजूदा सत्र में अब तक आठ मैचों में 13 विकेट लिए हैं।

### उम्र पर भी ध्यान दे बोर्ड

शास्त्री ने कहा कि बोर्ड को कप्तान तय करते समय खिलाड़ी की उम्र और वह संभावित तौर पर कितने समय तक क्रिकेट खेल पाएगा इन चीजों पर ध्यान देना चाहिए। गिल 25 साल के है जबकि पंत की उम्र 27 साल है। गिल गुजरात टाइटन्स की कप्तानी कर रहे हैं, जबकि विकेटकीपर और आक्रामक बल्लेबाज पंत लखनऊ सुपर जायंट्स की कमान संभाल रहे हैं। शास्त्री ने कहा, 'आप किसी को तैयार करते हैं और मैं कहूंगा कि शुभमन बहुत अच्छा विकल्प लग रहा है। उसे मौका दें। वह 25, 26 साल का है, उसे समय भी दें। ऋषभ भी अच्छा विकल्प है। मुझे लगता है कि ये दोनों ही बेहतर खिलाड़ी है और उम्र की कसौटी पर भी खरे उतरते है। उनके पास एक दशक का समय है। उन्हें चीजों को सीखने समझने का मौका मिलना चाहिए।'

# कान्स के रेड कारपेट पर वॉक करने वाली सबसे युवा भारतीय एक्ट्रेस बनीं नितांशी



## इन सेलेब्स ने भी बनाया कान्स में रिकॉर्ड

*78वां कान्स फिल्म फेस्टिवल इस समय दुनियाभर में छाया हुआ है। देश-दुनिया से कई कलाकार इस भव्य समारोह का हिस्सा बन रहे हैं। इसी बीच भारत की नितांशी गोयल इस साल इस फेस्टिवल में शामिल होने वाली सबसे कम उम्र की एक्ट्रेस बन गई हैं। चलिए आपको बताते हैं इससे पहले सबसे कम उम्र के कौन-कौन से कलाकार इस फेस्टिवल में शामिल हो चुके हैं।*

### युया यागिरा

साल 2004 में जापान के युया यागिरा ने महज 16 साल की उम्र में 'नोबडी नोज'फिल्म के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता था।

### लुई माले

वहीं. 1956 में फ्रेंच डायरेक्टर लुई माले को 24 की उम्र में 'द साइलेंट वर्ल्ड' के लिए पाल्म डी'ओर से नवाजा गया था।

### वलेरिया कोट्टो और ब्रुकलिन प्रिंस

2017 में फिल्म 'द फ्लोरिडा प्रोजेक्ट'के लिए महज 6 साल की उम्र में वलेरिया कोट्टो और 7 साल के ब्रुकलिन प्रिंस ने भी फेस्टिवल में शिरकत की थी।

### अवनीत कौर

2024 में भारतीय एक्ट्रेस अवनीत कौर ने 'लव इन वियतनाम'का पोस्टर लॉन्च कर 22 साल की उम्र में अपने डेब्यू से सबका ध्यान खींचा था।

एजेंसी ▶▶| पेरिस

78वें कान फिल्म फेस्टिवल में 'लापता लेडीज' फेम एक्ट्रेस नितांशी गोयल रेड कार्पेट पर उतर चुकी हैं। इसके साथ ही वो सिर्फ 17 साल की उम्र में कान के रेड कार्पेट पर उतरने वाली पहली बॉलीवुड अभिनेत्री भी बन गईं। ब्लैक ऑफ शोल्डर गाउन में नीतांशी का लुक काफी वायरल हो रहा है। नीतांशी ने कान में अपने डेब्यू पर खुशी जताते हुए अपनी तस्वीरों के साथ एक पोस्ट भी सोशल मीडिया पर साझा की है।

### नितांशी ने इंस्टाग्राम पर जाहिर की खुशी

कान्स की रेड कार्पेट पर अपने डेब्यू से उत्साहित नीतांशी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की है। इस पोस्ट में नितांशी ने लिखा, 'मैंने कान्स में रेड कार्पेट पर वॉक किया। यह कहना अभी भी एक सपना लगता है। इस मंच पर भारतीय सिनेमा का प्रतिनिधित्व करना एक सम्मान है, जिसे मैं हमेशा संभालकर रखूंगी। मेरे परिवार, मेरी टीम, मेरे दर्शकों को - मुझे प्यार करने, मेरा मार्गदर्शन करने और मेरे साथ खड़े रहने के लिए धन्यवाद। यह सिर्फ मेरा पल नहीं है, यह हमारा है।'

### ब्लैक गाउन में बिखेरा जलवा

नितांशी गोयल कान में फिल्म डोजियर 137 की स्क्रीनिंग के लिए पहुंची थीं। कान के अपने डेब्यू में नितांशी मोनिका और करिश्मा के डिजाइन किए हुए ब्लैक कलर के ऑफ शोल्डर गाउन में नजर आईं। जिसमें भारी गोल्डन एम्ब्रॉइडरी थी। कान के लिए उन्हें श्रे और ऊर्जा ने स्टाइल किया था। नितांशी ने अपने लुक को चोकर नेकलेस, स्टड ईयरिंग्स और एक सटल हेयरस्टाइल के साथ बेहद खूबसूरती से कंप्लीट किया।

### बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों को दिया ट्रिब्यूट

नितांशी के रेड कार्पेट लुक के अलावा उनका ट्रेडिशनल इंडियन लुक भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। उन्होंने आइवरी साड़ी पहनकर इंडियन सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्रियों को ट्रिब्यूट दिया। दरअसल, एक्ट्रेस ने अपने बालों में एक खूबसूरत हेयर एक्सेसरी लगा रखी थी। जिसमें मोतियों की माला लगी हुई थी और इसमें छोटे-छोटे फ्रेम लगे हुए थे। इन फ्रेम में मधुबाला, रेखा, श्रीदेवी, वैजयंती माला, हेमा मालिनी, वहीदा रहमान और नूतन जैसी मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्रियों की तस्वीरें लगी हुई थीं। नितांशी का यह लुक काफी वायरल हुआ और लोगों ने इसे खूब पसंद किया।



## रॉबर्ट ने अनुपम खेर को किया किस

हॉलीवुड के दिग्गज स्टार रॉबर्ट डी नीरो को कान्स फिल्म फेस्टिवल में पाम डी'ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसे लेकर बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने उन्हें बधाई देते हुए एक्टिंग का गॉडफादर बताया था और अपना दोस्त भी कहा था। अब कान्स में अनुपम खेर की मुलाकात रॉबर्ट से हुई है, जिसका एक शानदार वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में हॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर को गाल पर चूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह हॉलीवुड सुपरस्टार रॉबर्ट डी नीरो से मिलते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो में उन्होंने कहा कि वह रॉबर्ट से मिलकर बहुत खुश हैं और वह बहुत सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें उनके जैसा दोस्त मिला। इसके अलावा अभिनेता ने कहा कि कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं कि वो जब भी मिलते हैं तो उसी गर्मजोशी से शुरू होते हैं, जैसे पिछली बार मिले थे। इतना कहने के दौरान अनुपम खेर, रॉबर्ट से गले मिलते हैं और रॉबर्ट उन्हें एक प्यारा सा किस गाल पर करते हैं। अनुपम खेर ने यह वीडियो पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा कि उनका कान के दौरान सबसे महान अभिनेता से गले मिलना हुआ। इसके आगे अभिनेता ने कहा, 'कान में अपने दोस्त रॉबर्ट डी नीरो, उनकी पत्नी टिफनी और उनकी खूबसूरत बेटी जिया से मिलना सबसे अद्भुत एहसास था। उनके प्यार और स्नेह ने मेर दिल को छू लिया। कान फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन पर सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार पाम डी'ओर पुरस्कार जीतने के लिए उन्हें बधाई।'

## आखिर क्या है कान्स फिल्म फेस्टिवल, कब शुरू हुआ और क्या है इसका इतिहास

*दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित फिल्म समारोह ' कान्स फिल्म फेस्टिवल' है। कान्स फिल्म फेस्टिवल का आयोजन हर साल फ्रांस के कान में किया जाता है। प्रतिष्ठित 78वां कान फिल्म महोत्सव 13 मई से 24 मई तक आयोजित किया जा रहा है। यह फेस्टिवल पूरे 12 दिनों तक चलेगा, जिसमें कुछ ग्रैंड फिल्म स्क्रीनिंग की जाएगी।*



### किसने शुरू किया और क्यों?

कान्स फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत फ्रांस सरकार और फ्रांसीसी सिनेमा उद्योग ने मिलकर की थी। इसका मुख्य उद्देश्य विश्व सिनेमा को बढ़ावा देना, नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और विभिन्न देशों की संस्कृतियों को फिल्मों के माध्यम से एक-दूसरे के करीब लाना था। उस समय, इटली में वेनिस फिल्म फेस्टिवल बहुत लोकप्रिय था, लेकिन फ्रांस ने एक ऐसा समारोह शुरू करना चाहा, जो कला और स्वतंत्र सिनेमा को प्राथमिकता दे। इस तरह, कान्स फिल्म फेस्टिवल की नींव रखी गई।

**कहां होता है:** कान्स फिल्म फेस्टिवल न केवल सिनेमा का उत्सव है, बल्कि यह कला, संस्कृति और रचनात्मकता का एक अनूठा संगम है, जो हर साल दुनिया भर के लोगों को प्रेरित करता है। कान्स, हर साल फ्रांस के खूबसूरत शहर कान में आयोजित किया जाता है। यह फेस्टिवल फिल्म निर्माताओं, अभिनेताओं, निर्देशकों और सिनेमा प्रेमियों के लिए एक ऐसा मंच है, जहां नई और रचनात्मक फिल्मों को प्रदर्शित किया जाता है।

**कब हुआ शुरू - कान फिल्म फेस्टिवल? :** कान्स फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत साल 1946 से हुई थी। पहला समारोह 20 सितंबर से 5 अक्टूबर 1946 तक आयोजित किया गया था। हालांकि, इसे 1939 में शुरू करने की योजना थी, लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था।

### हर साल कान में होता है यह भव्य फिल्म फेस्टिवल?

कान्स फिल्म फेस्टिवल हर साल मई महीने में आयोजित किया जाता है, जो लगभग 10-12 दिनों तक चलता है। इसका उद्देश्य नई फिल्मों को दुनिया के सामने लाना। फेस्टिवल में विश्व भर की बेहतरीन फिल्में दिखाई जाती हैं, जिनमें से कई को पुरस्कार मिलते हैं, जैसे 'पाम डी'ओर', जो सबसे बड़ा पुरस्कार है। एक तरह से कहा जाए तो सिनेमा की कला को सम्मान देना और समारोह में रचनात्मकता, कहानी कहने की कला और सिनेमाई तकनीकों को बढ़ावा देना होता है।

## कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारत पवेलियन का उद्घाटन

गुरुवार को 78वें कान फिल्म महोत्सव में भारत पवेलियन का आधिकारिक उद्घाटन किया गया। यह भारत के बढ़ते वैश्विक सिनेमा की ओर एक और महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन के दौरान फिल्म निर्माता और इफ्फी और एनएफडीसी के निदेशक शेखर कपूर मौजूद रहें। उनके साथ अनुपम खेर और राजदूत और राजनयिक संबंधों के लिए विशेष प्रतिनिधि ऐनी-लुईस मेसाडियू भी शामिल हुए।

### अनुपम खेर ने साझा किए विचार

दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने एक विशेष संबोधन दिया, जिसमें भारतीय सिनेमा के सफर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा किया। अभिनेता ने कहा, 'मैं अपने देश से आठ साल छोटा हूं और हम साथ-साथ बड़े हुए हैं। हमने वाकई बहुत अच्छा किया है। यह मेरा कान में पहला मौका है।

### आस्था गिल ने 'सारे जहां से अच्छा' गाकर किया भावविभोर



**आस्था गिल ने गाया 'सारे जहां से अच्छा':** इस अवसर पर मशहूर भारतीय गायिका आस्था गिल ने 'सारे जहां से अच्छा' गाकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंच पर मार्सिले में भारत के महावाणिज्य दूतावास के रूपज्योति ब्रह्म कारजी भी मौजूद थे, जिनका सहयोग भारत-फ्रांस सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने में सहायक रहा है।

### ऐनी-लुईस मेसाडियू ने किया स्वागत

इस दौरान अपने संबोधन में ऐनी-लुईस मेसाडियू ने कान में भारत पवेलियन का स्वागत किया। उन्होंने भारत के सिनेमाई इतिहास और सीमाओं से परे कहानियां कहने की क्षमता की प्रशंसा की। वहीं, अपने उद्घाटन भाषण में शेखर कपूर ने सिनेमा की परिवर्तनकारी शक्ति और विश्व मंच पर एक रचनात्मक शक्ति के रूप में भारत की उभरती भूमिका पर प्रकाश डाला।

### इफ्फी 2025 का ट्रेलर हुआ लॉन्च

समारोह में 'इफ्फी 2025' का पोस्टर और ट्रेलर का लॉन्च किया गया। एनएफडीसी इंडिया के फिल्म प्रमोशन के महाप्रबंधक गौतम भनोट ने कहा, 'इफ्फी का नया पोस्टर 'कन्वर्जेंस ऑफ क्रिएटिविटी एंड टेक्नोलॉजी' का प्रतिबिंब है। भारत प्रौद्योगिकी को अपनाने और वैश्विक सामग्री निर्माण क्षेत्र में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तैयार है।'



# वो सिर्फ ग्लैमर देखते हैं, मेहनत नहीं

**मुंबई।** हाल ही में 'द भूतनी'में नजर आईं अभिनेत्री मौनी रॉय अपने लुक में बदलाव करने और प्लास्टिक सर्जरी कराने को लेकर ट्रोलर्स के निशाने पर हैं। लोगों का कहना है कि मौनी ने प्लास्टिक सर्जरी कराई है और इसी वजह से अब वो ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं। अब ट्रोलिंग और अपने लुक में बदलाव पर मौनी रॉय ने बात करते हुए प्रतिक्रिया दी है। मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग को लेकर प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री ने कहा, 'अब यह सब मुझे परेशान नहीं करता। मैं पहले उन्हें ब्लॉक कर देती थी। वे कितनी दयनीय जिदगी जी रहे हैं। अगर इससे उनको खुशी मिलती है, तो ऐसा ही करें। इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।' मौनी ने आगे कहा, 'जब कोई कैरेक्टर को लेकर गलत बोलता है, तो कभी-कभी मुझे बुरा लगता है। लेकिन, बाकी नहीं। वो केवल ग्लैमर देखते हैं, मेहनत नहीं।



# अनन्या पांडे ने करवाई हिप्स की सर्जरी?

**मुंबई।** अनन्या पांडे बॉलीवुड में अपनी जगह बना चुकी हैं। जब वह फिल्मों में आईं तो उनकी कई वजहों से ट्रोलिंग हुई। उन्हें नेपोकिड कहा गया तो बॉडीशेम भी किया गया। अब उन्होंने कहा कि जब वह पतली थीं तो मजाक उड़ाया जाता था। अब उम्र बढ़ने के साथ शरीर भर रहा है तो भी लोग बोलते हैं कि सर्जरी करवाई है। अनन्या पांडे बोलीं, 'जब मैं फिल्मों में आई तो 18 या 19 साल की थी, मैं बहुत पतली थी। हर कोई मेरा मजाक उड़ाता था। लोग बोलते थे, 'तुम्हारे पैर मुर्गे जैसे हैं। तुम माचिस की तीली लगती हो। तुम्हारे ब्रेस्ट्स नहीं हैं, तुम्हारे हिप्स नहीं हैं।' तो पहले ये सब था।' अनन्या आगे बोलीं, 'अब मैं नैचुरली बढ़ रही हूं, मेरा शरीर भर रहा है तो लोग ये सब बोल रहे हैं, 'हो ही नहीं सकता, उसने तो अपने बट्स की सर्जरी करवाई है।


# सफाई कर्मचारियों की पीएफ के पैसों की मांग को लेकर चल रही हड़ताल समाप्त



मरुधर विशेष

**मोहम्मद शकील/विजय सिंह किशनगढ़बास ।** किशनगढ़ बास में सफाई कर्मचारियों की पीएफ के पैसों की मांग को लेकर पांच दिनों से चल रही हड़ताल शनिवार को समाप्त हो गई है, नगर पालिका किशनगढ़ बास द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रशासन एवं नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा सफाई कर्मचारियों की ओर से की जा रही हड़ताल को बैठकर उनकी मांगों पर समझौता कर लिया गया है एवं सभी कर्मचारियों का पीएफ उनके खातों में जमा करवा दिया गया है। उनकी मांगों को पूरा करने की बात पर सहमति होने पर शनिवार को कर्मचारियों द्वारा 5 दिन से चल रही हड़ताल को खत्म कर दिया गया है और सफाई व्यवस्था पुनः की तरह चालू करवा दी गई है, कचरा भी उठवा दिया गया है, प्रशासन द्वारा सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से निरंतर चालू करवा दी गई है। पीएफ का पैसा नहीं मिलने से नाराज नगर पालिका अधिकारी और अध्यक्ष के विरोध में सफाई कर्मचारियों ने 15 मई को जुलूस निकालकर नारेबाजी की थी।

## टीवी मसाला



# 'बड़े अच्छे लगते हैं' में अपर्णा दीक्षित बनेंगी विलेन

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में एक बार फिर हलचल मचने वाली है, क्योंकि एकता कपूर का चर्चित शो 'बड़े अच्छे लगते हैं नया सीजन जल्द ही लौट रहा है। आईपीएल खत्म होते ही ये रोमांटिक ड्रामा छोटे पर्दे पर धमाकेदार वापसी करेगा। इस बार शो में एक नहीं, बल्कि कई ट्विस्ट्स और टर्न्स होंगे, जो लोगों को बांधे रखेंगे। शो की सबसे बड़ी हाईलाइट है हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी की फ्रेश जोड़ी, जिसे देखने के लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दोनों ही टीवी इंडस्ट्री के बड़े नाम हैं और पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। इस नई जोड़ी से रोमांस और इमोशन्स की डबल डोज मिलने वाली है। शो में तड़का लगाने आ रही हैं एक्ट्रेस अपर्णा दीक्षित, जो इस बार नेगेटिव रोल प्ले कर सकती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने शो साइन कर लिया है और जल्द ही शूटिंग शुरू करने वाली हैं। हालांकि अभी तक उन्होंने इस बारे में कोई ऑफिशियल बयान नहीं दिया है। गौरतलब है कि अपर्णा इससे पहले 'पवित्र रिश्ता' में एकता कपूर के साथ काम कर चुकी हैं। अपर्णा दीक्षित के अलावा इस सीजन में और भी कई नए चेहरे नजर आएंगे, जिनमें शामिल हैं- ऋषि देशमुख, दिव्यांगना जैन, नितिन भाटिया, रोहित चौधरी,मानसी श्रीवास्तव,गौरव एस बजाज,खुशबू ठक्कर, ज्योति नेगी,पंकज भाटिया और आरुषि हांडा। इन सभी सितारों के साथ 'बड़े अच्छे लगते हैं' का ये नया चैप्टर पहले से भी ज्यादा ग्रिपिंग और ड्रामाटिक होने वाला है। शो को जून 2025 में लॉन्च किया जाना है। एकता कपूर का ये नया सीजन पुराने फॉर्मेट को मॉडर्न ट्विस्ट के साथ पेश करेगा।

# 'वन' का फर्स्ट लुक देख दंग रह गए फैंस

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में एक नई तरह की थ्रिलर फिल्म एंट्री करने जा रही है- नाम है !वनः वन की शक्ति।' जहां आमतौर पर लव स्टोरी या ऐक्शन देखने को मिलता है, वहीं, अब लोगों को मिलेगी एक जंगल की गूंज, जिसकी कहानी पर्दे पर धड़कनों को तेज कर देगी। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया पहली बार साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। बालाजी मोशन पिक्चर्स और एकता कपूर के प्रोडक्शन में बनी '**Vvan: The Force of the Forest**' अब 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस डेट का खुलासा फिल्म के सस्पेंस से भरे पोस्टर के साथ किया गया है। पोस्टर में लिखा है – 'जंगल फुसफुसा रहा है अब बल का प्रदर्शन होगा। यानी तैयार हो जाइए एक ऐसे थ्रिलर के लिए, जो जंगल की दुनिया में आपको ले जाएगा। फिल्म को डायरेक्ट अरुणाभ कुमार और दीपिक मिश्रा ने किया है। 'वन' में सिद्धार्थ मल्होत्रा एक पावरफुल लेकिन अनजाने किरदार में नजर आने वाले हैं, वहीं तमन्ना भाटिया का किरदार भी बहुत ही दिलचस्प और साहसी है। टीजर में तमन्ना को नंगे पांव, हाथ में जलती मशाल लिए जंगल की ओर दौड़ते दिखाया गया है। ये सीन ही



लोगों को फिल्म की इंटेंसिटी का एहसास करा देता है। फिल्म का कॉन्सेप्ट एकदम नया है। जंगल, रहस्य, शक्ति और रोमांच के इर्द-गिर्द बुनी गई इस कहानी को लेकर फैंस में जबरदस्त एक्साइटमेंट है। 'वन' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक एक्सपीरियंस बनने जा रही है। मेकर्स ने हाल ही में तमन्ना भाटिया का एक टीजर भी शेयर किया था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। उनके किरदार की झलक ने ये साफ कर दिया है कि वो फिल्म में केवल ग्लैमर नहीं, बल्कि एक शानदार रोल प्ले कर रही हैं।

## 'टायॅलेट एक प्रेम कथा' में उत्तर प्रदेश के एक छोटे से नंदगांव की कहानी को दिखाया

# इन फिल्मों में दिखी छोटे शहरों की झलक, कहानी का बने अहम हिस्सा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जल्द ही राजकुमार राव की फिल्म 'भूल चूक माफ' रिलीज होगी। इस फिल्म की कहानी वाराणसी के एक प्रेमी जोड़े की है। फिल्म जरूर टाइम लूप पर है लेकिन इस कहानी के साथ वाराणसी शहर की खूबसूरत झलक भी दर्शकों को देखने को मिलेगी। 'भूल चूक माफ' के अलावा भी कई फिल्में बनी हैं, जिनमें छोटे शहरों की झलक मिली और ये कहानी का अहम हिस्सा भी बने।

### बरेली की बर्फी

अश्विनी अय्यर तिवारी ने फिल्म 'बरेली की बर्फी (2017)' निर्देशित की थी। फिल्म की कहानी बरेली की एक लड़की बिट्टी मिश्रा (कृति सेनन) की थी। इस फिल्म में राजकुमार राव और आयुष्मान खुराना भी नजर आए। इस कहानी में बरेली शहर, वहां की भाषा और लोगों का मस्तमौला मिजाज नजर आया।

### तनु वेड्स मनु

कंगना रनौत स्टारर फिल्म 'तनु वेड्स मनु(2011)' में भी कानपुर का रंग-ढंग दिखा। फिल्म को आनंद एल रॉय ने निर्देशित किया था। निर्देशक ने फिल्म की कहानी को कानपुर शहर के साथ बड़ी की शानदार ढंग से दिखाया था। इस फिल्म में आर माधवन, जिम्मी शेरगिल जैसे एक्टर्स भी अहम किरदार में नजर आए।

### दम लगा के हइशा

आयुष्मान खुराना और भूमि पेडनेकर स्टारर फिल्म 'दम लगा के हइशा(2015)' में 1995 के हरिद्वार को दिखाया गया था। हरिद्वार के घाट, गंगा जी और 90 के दशक का रंग-ढंग इस फिल्म में नजर आया। उस दौर के गाने भी इस फिल्म में सुनने को मिले। इस फिल्म को शरत कटारिया ने निर्देशित किया था।






### टॉयलेट एक प्रेम कथा

अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'टायॅलेट एक प्रेम कथा(2017)' में तो उत्तर प्रदेश के एक छोटे से नंदगांव की कहानी को दिखाया गया। फिल्म की कहानी का मकसद गांव-देहातों में खुले में शौच की आदत में सुधार लाना था। श्री नारायण सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म में भूमि पेडनेकर ने अक्षय कुमार के किरदार की पत्नी का रोल किया था।

### जॉली एलएलबी 2

अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'जॉली एलएलबी 2(2017)' में लखनऊ शहर, वहां की कोर्ट-कचहरी दर्शकों को देखने को मिली। सुभाष कपूर निर्देशित इस फिल्म में अक्षय ने एक वकील का किरदार किया, हुमा कुरैशी पुष्पा पांडे के रोल में नजर आईं।



### इन फिल्मों में भी दिखीं अलग-अलग शहरों की झलक

- फिल्म 'उड़ान (2010)' में भी जमशेदपुर दिखाया गया है। फिल्म को विक्रमादित्य मोटवानी ने निर्देशित किया था। इस फिल्म में रोनित रॉय, राम कपूर जैसे कलाकार नजर आए।
- साल 2013 में रिलीज हुई आनंद एल रॉय निर्देशित फिल्म 'रांझणा' में भी वाराणसी शहर कहानी का अहम हिस्सा था। फिल्म में लीड रोल में सोनम कपूर और धनुष नजर आए।
- मसान (2015) फिल्म में भी वाराणसी शहर के रहने वाले कुछ लोगों की दिल को छू लेने वाली कहानियां दिखीं। इस फिल्म को नीरज घेवान ने निर्देशित किया था।
- शुद्ध देसी रोमांस (2013) में भी जयपुर शहर के खूबसूरत रंग नजर आए। इस फिल्म में लीड रोल में सुशांत सिंह राजपूत, परिणीति चोपड़ा और वाणी कपूर नजर आए। इसी तरह 'केदारनाथ' फिल्म में केदारनाथ धाम की झलक मिलीं।

# खेड़ली नगर पालिका में चल रहा मनरेगा कार्य का चेयरमैन ने किया औचक निरीक्षण

## इस दौरान 100 श्रमिकों की मिस्टोल में से मात्र 26 श्रमिक मौके पर मिले उपस्थित

### रोजगार सहायक रामसिंह बैरवा द्वारा किया जाता है हाजिरी के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा

**मौके पर कच्चे रजिस्टर में होती है हाजिरी तथा ओरिजिनल मिस्टल में घर पर करता है बडा फर्जीवाड़ा**

मरुधर विशेष



**खेड़ली (दिनेश लेखी)।** नगर पालिका क्षेत्र में शहरी मनरेगा कार्य योजनान्तर्गत लललू वाली पोखर में चल रहे मनरेगा कार्य का शनिवार को चेयरमैन संजय गीजगढिया ने औचक निरीक्षण किया गया। चेयरमैन संजय गीजगढिया ने बताया कि मैने स्वयं नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर देखा तो मौके पर कोई भी मनरेगा कार्मिक उपस्थित नहीं मिला यहां तक की कुर्सियां खाली मिली। जानकारी के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र में शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत मनरेगा का कार्य चल रहा है जिसको लेकर नरेगा कार्मिकों के द्वारा मस्टरोल निकाल कर मनरेगा श्रमिकों को काम दिया जाता है। जिनमें सफाई, पौधे के लिए गड्ढा खोदना, पौधे लगाना सहित अन्य कार्य कराया जाता है। नगरपालिका चेयरमैन संजय गीजगढिया द्वारा किये अचौक निरीक्षण के दौरान बताया कि पोखर खुदाई कार्य के लिए 100 श्रमिक की मस्टरोल जारी की जिसमें मौके पर 26 श्रमिक ही उपस्थित पाये गये। उधर श्रमिक से हाजरी को लेकर पूछा गया तो उन्होंने बताया कि रोजगार सहायक राम सिंह बैरवा हाजरी लेता है जो कि एक कच्चे रजिस्टर में हाजरी भरता है। वही ओरिजिनल मस्टरोल के बारे में पूछा गया तो मौके पर ओरिजिनल मिस्टल उपलब्ध नहीं थी रोजगार सहायक रामसिंह बैरवा ओरिजिनल मस्टरोल को अपने घर पर ही रखता है। उधर रामसिंह बैरवा रोज कार्यस्थल पर 9:00 बजे पहुंचता है दूसरे दिन ऑरिजनल मस्टरोल में फर्जी हाजिरी भरता है। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि बिना जेईयन के सूचना दिये बिना ही यह नरेगा कार्मिक रोजगार सहायक मनमर्जी कर मस्टरोल निकाल देते हैं और अपने चाहते परिचित लोगों की फर्जी हाजिरी चलते हैं, काफी दिन पहले भी इस मामले को लेकर नरेगा की लेबर द्वारा हंगामा किया गया और आधे पैसे लेकर जानकारों की हाजरी करने का आरोप रामसिंह बैरवा पर लगाए गये थे। जिसको लेकर पालिका अध्यक्ष द्वारा शनिवार को अचौक निरीक्षण किया गया लेकिन नरेगा कार्य में बहुत बड़ी गड़बड़ी व फर्जीवाड़ा पाया गया। वही इस भीषण गर्मी को देखते हुए सरकार द्वारा नरेगा में कार्य करने वाली लेबर को लेकर छाया पानी सहित मेडिकल किट व अन्य व्यवस्थाऐ करने के आदेश दे रखे हैं लेकिन नरेगा कार्मिक सरकार को चूना लगा कर इन सब चीजों के नाम पर इतिश्री कर रहे हैं और इन सब सुविधाओं का पैसा उठा रहे हैं पालिका अध्यक्ष ने बताया कि सुविधाओं के नाम पर कार्यस्थल पर मेडिकल किट, छाया व पानी की पर्याप्त व्यवस्था भी नही पाई।

# अवैध खनन और परिवहन पर कार्रवाई: अवैध रेत और गिट्टी का उत्खनन व परिवहन करते 3 टिप्पर वाहन, 5 ट्रैक्टर और एक हाइवा वाहन जब्त

मरुधर विशेष



**करन सोनी** बलरामपुर। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिले में खनिज के अवैध उत्खनन को रोकने के लिए उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। जिसके तहत् तहसील राजपुर अंतर्गत अपर कलेक्टर के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी राजपुर और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रेत और गिट्टी का उत्खनन व परिवहन करते 3 टिप्पर वाहन, 5 ट्रैक्टर, एक हाइवा वाहन को राजपुर थाने में खड़ा कराया।

अपर कलेक्टर प्रमोद गुप्ता के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजपुर राजीव जेम्स कुजूर, तहसीलदार पूनम रश्मि तिग्गा, नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध उत्खनन व परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की गई है। एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर ने बताया कि 3 टिप्पर में सिंगचोरा महानदी से अवैध रेत का परिवहन किया जा रहा था, गोपालपुर और सिंगचोरा के रास्ते में रोककर दस्तावेज का मांग किया गया, सही दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने पर तीनो टिप्पर को राजपुर थाने में खड़ा कराया गया है। वहीं सिंगचोरा महानदी और झींगों से 5 टैक्टर में अवैध रेत का परिवहन किया जा रहा था। दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने पर पांचों टैक्टर को राजपुर थाने में खड़ा कराया गया है। उसी प्रकार बधिमा से हाइवा वाहन में गिट्टी लोड कर रामानुज़गंज की तरफ आ रहे हाइवा के चालक से ग्राम अलखडीहा के पास रोक कर दस्तावेज की मांग की गई, चालक के द्वारा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं की गई। चालक अंधेरे का फायदा उठा वाहन छोड़ फरार हो गया। संपूर्ण कार्रवाई में सारे वाहनों को राजपुर थाने में खड़ा कराया गया है।जांच प्रतिवेदन बना कर कलेक्टर कार्यालय और खनिज विभाग को प्रेषित किया जा रहा है।

# भाजपा मण्डल अध्यक्ष, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन विधायक हंसराज पटेल ने ली बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

## 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत तिरंगा यात्रा की तैयारियों पर की चर्चा

**जनसुनवाई का आयोजन कर सुने आमजन के अभाव-अभियोग**

मरुधर विशेष





**कोटपूतली।(सीताराम गुप्ता)** राजमार्ग की सर्विस लेन स्थित डाक बंगला परिसर में विधायक हंसराज पटेल की अध्यक्षता में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के सभी पाँच मण्डल अध्यक्षों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कोटपूतली विधानसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' के अंतर्गत तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। विधायक पटेल ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे वीर जवानों के सम्मान में तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर चर्चा करते हुये जिम्मेदारियों का वितरण किया। बैठक में तिरंगा यात्रा की रूपरेखा, आयोजन की रणनीति और जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिये विस्तृत चर्चा की गई। विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि "यह तिरंगा यात्रा ना केवल हमारे जवानों के प्रति सम्मान का प्रतीक है, बल्कि युवाओं में राष्ट्र भक्ति की भावना को भी प्रबल करेगी। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने वीर जवानों के त्याग को याद रखे और देश भक्ति के ऐसे अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभायें। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष एड. रमेश रावत, अरुण सैनी, राजेन्द्र सिंह, राजवीर यादव, सीताराम शर्मा, पूर्व सरपंच जयराम सिंह गुर्जर, पूर्व चैयरमैन एड. महेन्द्र सैनी, एड. कमल कसाना, एड. दयाराम गुर्जर, पूर्व प्रधान बनवारी लाल यादव, राजेश रावत, विक्रम रावत, रघुवीर गोयल, विकास डोई समेत अन्य मौजूद रहे।

**आमजन के सुने अभाव-अभियोग :-** विधायक हंसराज पटेल ने डाक बंगला परिसर में जनसुनवाई का आयोजन कर आमजन के अभाव-अभियोग सुने। पटेल ने गर्मी के मौसम में पेयजल किल्लत व विधुत कटौती को लेकर आ रही समस्या को लेकर सम्बंधित अधिकारियों को शीघ्र समस्या का समाधान करने के निर्देश दिये। ताकि आमजन को गर्मी के मौसम में पेयजल किल्लत व विधुत कटौती जैसी समस्या का सामना ना करना पड़े। जनसुनवाई में क्षेत्र के विभिन्न गांवों व ढ़ाणियों से आये लोगों की समस्यायें सुनते हुये पटेल ने सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश भी दिये।

# शहनाज खान और साजिद खान की प्रधानी फिर छिनी, कामा में फिर हुआ सियासी उलटफेर

मरुधर विशेष आमिर खान कामा




**कामां** - डीग जिले के कामां व पहाड़ी क्षेत्र में उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद हाल ही में प्रधान के पदों पर बहाल किये गए कामां पंचायत समिति प्रधान शहनाज खान और पहाड़ी पंचायत समिति प्रधान साजिद खान को राज्य सरकार ने एक बार फिर उनके पद से हटा दिया है। पंचायती राज विभाग के शासन उप सचिव इंद्रजीत सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किये है।

गौरतलब है कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बदलते ही कामां और पहाड़ी पंचायत समिति प्रधान को निलंबित किया गया था लेकिन उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर दोनों ही प्रधानों ने निलबंन पर स्टे लेकर 2 मई को कामां प्रधान शहनाज खान और पहाड़ी प्रधान साजिद खान ने कार्यभार ग्रहण किया था। राजस्थान सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा तत्कालीन कांग्रेस सरकार की शिक्षा राज्यमंत्री जाहिदा खान की पुत्री शहनाज खान और पुत्र साजिद खान को 15 दिन बाद ही फिर से उनके पद से हटाने के आदेश जारी कर दिए है।

# सेन्ट मेरीज़ स्कूल में लगा तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर

मरुधर विशेष



**मैनपुरी (अजय सक्सेना)।** जनपद के प्रतिष्ठित आश्रम रोड स्थित सेन्ट मेरीज़ स्कूल में स्काउट गाइड का तीन दिवसीय (15 मई से 17 मई 2025) शिविर का आयोजन किया गया। इसमें अधिक से अधिक बच्चो ने बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लिया। इस आयोजन का शुभारम्भ विद्यालय की प्रधानाचार्या मनोरमा दासनने ध्वजारोहण से किया। तत्पश्चात् स्काउट गाइडकके प्रशिक्षक रामपाल गिरि, मोहम्मद शमीन, कु0 बेबी, कु0 प्रियंका गिरि, तथा नेहा वर्मा के द्वारा स्काउट प्रार्थना, झण्डागीत आदि कराया। स्काउड गाइडकके नियमों तथा उसके इतिहास के विषय में विद्याथियों को जानकारी दी तथा बताया कि स्काउट गाइड का उद्देश्य युवाओं के शारीरिक,भावनात्मक और अध्यात्मिक विकास में मदद कर स्थानीय, राष्ट्रीय और अन्तरार्ष्ट्रीय समुदाय के लिए एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है। विद्यार्थियों को प्रथम सोपान के अन्तगर्त रस्सियों के माध्यम से विभिन्न प्रकार की गाँठे बाँधना सिखाया। द्वितीय सोपन के अन्तगर्त बच्चों को तम्बू बनाना सिखाया। उन्हें सीटी संकेत तथा कैम्प फायर की तैयारी के विषय में जानकारी दी। कक्षा- दो से पाँच तक के बच्चो को कब और बुलबुल नाटक कराया। कब झण्डा तथा बुलबुल प्राथर्ना कराई। बुलबुल घेरा गीता तथा बच्चों को मोर, कोयल, तोता, कबूतर आदि पक्षियों का रूप देकर गीत कराया। आज सवर्धम प्राथर्ना सभा द्वारा शिविर प्रारम्भ हुआ तत्पश्चात् ध्वजारोहण हुआ और तम्बू निमार्ण बिना बर्तनो के भोजन बनाया। स्काउट गाइडिंग शिविर के तृतीय दिवस के समापन समारोह में 'तम्बू निमार्ण एवं पाक कला' कायर्क्रम में जूनियर तथा सीनियर वर्ग की छात्राओं तथा छात्रों ने संयुक्त रूप से बारह टोलियाँ बनाई तथा परिणाम कुछ इस प्रकार रहा, ट्लिप और ईगल टोली प्रथम स्थान पर तथा टोली नं0 चार भेड़िया ग्रुप द्वितीय स्थान पर तथा मोगरा ग्रुप टोली नं0 छः तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्या मनोरमा दास तथा प्रबंधक दीपक जी0 दास ने छात्रों का उत्साह वधर्न करते हुए कहा कि सभी टोलियों का प्रदशर्न सराहनीय है और सभी प्रतिभागियों को ' प्रशस्ति प्रमाण पत्र' प्रदान किये जाएँगे। सहायक निदेशक कुशाग्र दास ने छात्रों के क्रिया-कलापों को सराहा तथा बताया कि स्टाकउट गाइड शिविर से छात्रों को आत्मबल और अनुशासन की महत्ता विदित होती है। इस कार्य में विद्यालय के प्रबंधक दीपक जी0 दास, मई मनोरमा दास, एसोशियट डारेयक्टर कुशाग्र दास, उप-प्रधानाचार्य, इंचार्ज कमलेश गेरा, सन्तोषी, आकांक्षा पाठक के साथ-साथ सम्पूर्ण विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# श्री श्री 1008 श्री बाबा जाट वाला मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

मरुधर विशेष



**मुंडावर (रमेश चंद)** मुंडावर उपखंड के जालावास मनेठी में श्री श्री 1008 श्री बाबा जाट वाला मंदिर में बाबा जांट वाला की मूर्ति एवं श्री हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 14 से 18 मई 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत 17 मई शनिवार को प्रातः 8:00 बजे मंदिर प्रांगण से बाबा जाट वाले की मूर्ति व श्री हनुमान जी महाराज की मूर्ति की नगर फेरी का आयोजन किया गया और महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का शुभ आरंभ ग्राम पंचायत जालावास के सरपंच अजीत यादव, बाबा मैडा वाला मंदिर के महंत घनश्याम यति जी महाराज, बाबा जाट वाले कमेटी के अध्यक्ष रामेश्वर यादव, कमेटी के व्यवस्थापक एडवोकेट संजय शर्मा, उप सरपंच सुरेश मिश्रा, गुरुग्राम से हंसराज शर्मा, गुरु दयाल यादव, देशराज यादव, राजू शर्मा, ईश्वर शर्मा, आदि द्वारा यात्रा का शुभारंभ किया गया मेला कमेटी अध्यक्ष रामेश्वर यादव और मेला कमेटी व्यवस्थापक एडवोकेट संजय शर्मा ने बताया कि बाबा का विशाल मेला 27 मई 2025 को आयोजित होगा। इस मेले में देसी घी की प्रसादी भंडारा और हरियाणवी कलाकार संजय पटेल एंड पार्टी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा, बाबा जाट वाले की मूर्ति और श्री हनुमान जी कि मूर्ति का अनावरण भी किया जाएगा।17 मई को आयोजित नगर फेरी और कलश यात्रा में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। 27 मई को आयोजित होने वाले मेले में देसी घी की प्रसादी भंडारा और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। बाबा जाट वाले की मूर्ति और श्री हनुमान जी कि मूर्ति का अनावरण किया जाएगा।आचार्य मनीष शास्त्री, विजय शास्त्री, अभिषेक वैद पार्टी, महेश वेद पार्टी और योगेश शास्त्री इस कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल बच्चों ने शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ फिर दोहराया



मरुधर विशेष सुनीता सैनी

**बावल** कस्बे के रसियावास रोड सिथित सनराइज सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के छात्रों नें दसवीं के परीक्षा परिणाम मे भी उत्कृष्ट प्रदशन किया है स्कूल का बारहवीं तथा दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बारहवीं कक्षा के कमल महलावत ने 94.2% (471)(लेखाशास्त्र-99, अर्थशास्त्र-98 व्यापार विषय -97) अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रियांशु ने 91.8%(459) अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा खुशी ने 89.4 % (447)अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। दसवीं कक्षा की प्रतीभा ने 94.6% (473) अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान,मनीषा ने 94.4% (472) अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा शगुन ने 91.6% (458) अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस शानदार प्रदर्शन के लिए प्राचार्या श्रीमती भारती चौधरी ने सभी बच्चों, अभिभावकों तथा अध्यापकों को शुभकामनाएं दीं,एवं बच्चों को भविष्य में ऐसा ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया उन्होंने कहा मेहनत के द्वारा कोई भी मंजिल दूर नही है

# पीएम आवास ग्रामीण में जीरो टॉलरेंस, लापरवाही पर होगी शख्त कार्यवाही : सीईओ जिला पंचायत

मरुधर विशेष




**करन सोनी सूरजपुर।** कलक्टर एस जयवर्धन के निदेश पर एव साइआ जिला पंचायत कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में जिले में पीएम आवास की निरंतर समीक्षा एवं प्रगति की मॉनिटरिंग की जा रही है। उक्त तारतम्य में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती साहू ने समस्त जनपद पंचायतों की विस्तृत समीक्षा की। इसमें प्रथम पाली में ओडगी, प्रेमनगर एवं प्रतापपुर तथा द्वितीय पाली में भैयाथान, सूरजपुर व रामानुजनगर सम्मिलित हुए। इसमें मुख्य रूप से वित्तीय वर्ष 2024-25 के स्वीकृत समस्त आवासों को अविलंब पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया है। स्वीकृति के लिए शेष बचे आवासों को जल्द स्वीकृति का कार्य पूर्ण करते हुए, कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2016-23 तक के आवासों में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। सीईओ जनपद पंचायत निरंतर समीक्षा करें, प्रति ग्राम पंचायत से प्रतिदिन की टैगिंग सुनिश्चित करिए, हितग्राहियों से सीधे संपर्क स्थापित करते हुए, चौपाल लगाकर संवाद करिए, उन्हें प्रेरित करिए। किसी भी हितग्राही का राशि कार्य पूर्ण करने के बाद लंबित न रहे। शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित जनपद से जिम्मेदारी तय की जावेगी। पीएम आवास के तहत् अभिसरण से मिलने वाले 90 मानव दिवस की मजदूरी भुगतान को समय पर जारी करने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के स्वीकृत कार्यों पर फोकस कर पूर्ण करने पर ध्यान दीजिए। हाल ही में आत्मसमर्पित नक्सल एवं नक्सल प्रभावित परिवारों को प्रथम किस्त की राशि जारी की गई है। इन आवासों को विशेष रूप से ध्यान देकर जल्द पूर्ण कराए। इसके अतिरिक्त आवास प्लस 2.0 के माध्यम से सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है, इसका पूर्णता प्रमाण पत्र जल्द भेजवाए। सभी अवगत हों कि शासन के निर्देशानुसार योजना में पारदर्शिता एवं क्रियान्वयन की कोई

भी शिकायत आती है तो कड़े एक्शन लिए जाएंगे। इसके साथ ही गृह पोर्टल पर एंट्री का कार्य, आवास मित्र मॉनिटरिंग ऐप की स्तिथि की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में कार्यपालन अभियंता आर ई एस, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त, एपीओ नरेगा, डीसी पीएम आवास, एसडीओ आरईएस समस्त, एई पीएम आवास, पीओ नरेगा, बीसी पीएम आवास, उपयंत्री, तकनीकी सहायक समस्त एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

# कोटपूतली के तीन स्काउट प्रतिनिधि माउंट आबू में राज्य स्तरीय एडवांस कोर्स हेतु रवाना







मरुधर विशेष

**कोटपूतली।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में माउंट आबू स्थित स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र पर दिनांक 18 से 24 मई तक आयोजित होने जा रहे राज्य स्तरीय स्काउट गाइड एडवांस कोर्स में कोटपूतली स्थानीय संघ के तीन प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इस कोर्स में स्थानीय संघ के कोषाध्यक्ष हंसराज रावत, ट्रेनिंग काउंसलर रोहिताश्व सैनी एवं राजवीर यादव सहभागिता हेतु रवाना हुए हैं। इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त राम सिंह यादव कोटपूतली स्थानीय संघ के प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर स्काउट भागीरथ सिंह मीणा प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर गाइड मनोरमा यादव सचिव रामबीर यादव, हंसराज यादव, सीताराम गुप्ता, अतुल आर्य, संदीप कुमार जांगिड़, सहित अनेक स्काउट पदाधिकारियों ने तीनों प्रतिभागियों को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। यह कोर्स स्काउट गाइड गतिविधियों में कोटपूतली की निरंतर सक्रियता एवं सहभागिता से क्षेत्र में गौरव की अनुभूति हो रही है। स्थानीय संघ ने विश्वास जताया कि यह प्रशिक्षण कोर्स स्थानीय संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगा।

# बस से उतरते समय फिसल गया महिला का पैर परिचालक धर्मवीर गुर्जर ने कामां अस्पताल में कराया भर्ती

मरुधर विशेष



**संवाददाता सलीम खान कामां** : लोहागढ़ डिपो की एक बस से भरतपुर से कोसी यात्रा के दौरान गांव परमदरा में एक लड़की के गिरने का मामला सामने आया है। हादसा उस समय हुआ जब लड़की बस से उतर रही थी तभी अचानक लड़की का पैर गिट्टी पर से फिसल गया और लड़की अचानक जमीन पर गिर गई जिससे वह घायल हो गई । अचानक पैर फिसलने के कारण लड़की बस से उतरने के बाद जमीन पर गिर गई। इस दुर्घटना में लड़की को गंभीर चोटें आईं। बस के परिचालक ने अपने साथी को सुचना दी जिस पर धर्मवीर गुर्जर व श्याम तिवारी ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए घायल लड़की को कामां के उपजिला अस्पताल में भर्ती कराने का सुझाव दिया व दोनों ही तुरंत अस्पताल पहुंचे। घायल लड़की को तत्काल नजदीकी कामां के उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में लड़की का प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया गया है, और डॉक्टरों के अनुसार उसकी स्थिति स्थिर लेकिन निगरानी में है। परिचालक धर्मवीर गुर्जर की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए स्थानीय लोगों ने कहा कि उनकी वजह से एक बड़ा हादसा टल गया। घायल लड़की के परिजनों को सूचित कर दिया गया है, और वे अस्पताल पहुंच चुके हैं।

मरुधरहिंद 24 न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित,। मो. 9653906665, , (राजस्थान संपादक विशाल यादव 8875020583 ) ( राजस्थान सहसंपादक सुनील कुमार 98878 77947 ) 7014373732